हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 26 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 36.8 डिग्री
न्यूनतम 23.6 डिग्री


जवाली नाले पर बनी सड़क पर लगाया गया ग्रील चोरी हो गया।



## 22 हजार पक्षी व 25 हजार अंडों का किया गया नष्टीकरण

बर्ड फ्लू पर पूरी तरह नियंत्रण पाने जिला प्रशासन के निर्देशानुसार 22 हजार से अधिक पक्षियों एवं 25 हजार अंडों का नष्टीकरण किया गया है। इसी तरह संक्रमण की श्रृंखला को पूरी तरह समाप्त करने के उद्देश्य से 79 क्विंटल मुर्गीदानों को भी नष्ट किया गया है। बर्ड फ्लू की पुष्टि होते ही पशु चिकित्सा विभाग द्वारा जिला प्रशासन के निर्देशानुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए व्यापक कदम उठाए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत रैपिड रिस्पांस टीम का गठन कर प्रभावित क्षेत्र में तत्काल कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। टीम के द्वारा संक्रमित एवं संदिग्ध क्षेत्र में मौजूद शेष बचे कुल 22,808 पक्षियों एवं 25,896 अंडों का नष्टीकरण किया गया है। इसी तरह 79 क्विंटल दाने का वैज्ञानिक विधि से नष्टीकरण करते हुए संक्रमण की पूरी श्रृंखला ही समाप्त कर दी गई है। यह पूरी कार्रवाई शासन द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत सावधानीपूर्वक की गई।

■ 79 क्विंटल मुर्गीदाने भी नष्ट किए गए

इस संबंध में संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा विभाग डॉक्टर जीएसएस तंवर ने बताया कि जिले में अलर्ट जारी कर दिया गया है, और पशुपालकों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। पोल्ट्री फार्मों की निगरानी बढ़ा दी गई है। इसी तरह संक्रमण प्रभावित क्षेत्र में आवाजाही पर भी नियंत्रण रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि समय रहते उठाए गए इन कदमों से बर्ड फ्लू के प्रसार को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने आमजनों से विचलित नहीं होने, बल्कि सावधानी और जागरूकता बनाए रखने की बात कही है।

# शहर में 145 मुर्गा दुकान, हर दिन एक करोड़ का कारोबार ठप

### चिकन कारोबारियों में निराशा, बोले फिर से कोविड जैसे हालात

### बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद प्रशासन ने बंद कराई 10 किलोमीटर क्षेत्र की दुकानें


गणेश चौक



मगरपारा चौक


शनिचरी बाजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद जिला प्रशासन ने कोनी स्थित शासकीय पोल्ट्री फार्म से दस किलोमीटर के दायरे में खोली गई सभी मुर्गा दुकानों को बंद करने का आदेश जारी किया है। बुधवार को इस आदेश का कड़ाई से पालन भी कराया गया। शहर के भीतर लगभग 145 मुर्गा दुकानें हैं, जहां से प्रतिदिन एक करोड़ का कारोबार होता है। कारोबार पूरी तरह ठप हो जाने से चिकन कारोबारियों में बेहद निराशा है। उन्होंने इस हालात को अपने लिए कोविड जैसा ही कठिन बताया है।

शहर में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद दस किलोमीटर क्षेत्र में पूरी तरह अलर्ट है। जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं पशुपालन विभाग पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। एक ओर जहां प्रशासन को बर्ड फ्लू के प्रकोप से शहर को बचाने की चिंता है, वहीं दूसरी ओर चिकन कारोबारियों को अपना व्यवसाय बंद होने के कारण हो रहे नुकसान की चिंता सता रही है। कारोबारियों के अनुसार शहर में मुर्गे की 145 दुकानें हैं, जहां प्रतिदिन एक करोड़ रूपए का कारोबार होता है। प्रशासन द्वारा इन दुकानों में 21 दिनों तक किसी भी तरह की बिक्री या परिवहन को प्रतिबंधित करने के बाद कारोबारियों के सामने रोजगार का बड़ा संकट खड़ा हो गया है।

चिकन कारोबारियों के अनुसार चिकन की कीमत जब छत्तीसगढ़ में कम और यहां से लगे प्रदेशों जैसे उड़ीसा या मध्यप्रदेश में अधिक हो तो यहां के माल की भारी डिमांड रहती है। अन्य प्रदेशों के कारोबारी यहां से सस्ती कीमतों में माल लेकर वहां अधिक कीमत पर बेचते हैं। आज की स्थिति में पड़ोस के प्रदेशों में भी चिकन की वही कीमत है जो छत्तीसगढ़ में है। यही कारण है कि अभी बाहरी मांग नहीं है। उन्होंने कहा कि यह तो अच्छा है कि अभी बाहरी मांग नहीं है। अगर बाहरी मांग होती और यहां के कारोबारी प्रतिबंध के कारण भेज नहीं पाते तो और भी ज्यादा दुख होता।

### पड़ रही दोहरी मार

थोक चिकन कारोबारी विपुल कुमार विश्वास का कहना है कि शहर में 145 मुर्गा दुकानें हैं, जहां से रोज लगभग एक करोड़ का कारोबार होता है। हम चिकन नहीं बेच सकते, उल्टे मुर्गियों को रोज दाना खिलाना पड़ेगा। ऐसे में कारोबारियों पर दोहरी मार पड़ रही है। एक तो नवरात्र के कारण पहले ही बिक्री कमजोर थी। अब नवरात्र के बाद बिक्री बढ़ती इससे पहले ही बिक्री पर प्रतिबंध ही लग गया। चिकन कारोबारियों के सामने कोविड जैसे गंभीर हालात आ चुके हैं। लगातार 21 दिनों तक दुकानें बंद रहीं तो भूखों मरने की नौबत आ जाएगी।


शासकीय पोल्ट्री से एक किलोमीटर के दायरे वाले मुर्गे, मुर्गियां, चूजे-अंडे सबको नष्ट किया जाएगा

बिलासपुर में बर्ड फ्लू की पुष्टि, 10 किमी क्षेत्र हाई अलर्ट पर

हरिभूमि में 25 मार्च को प्रकाशित खबर।

### पालतू पक्षियों को कोई खतरा नहीं

बर्ड फ्लू से घरों में पाले गए तोते या अन्य पक्षियों को कोई खतरा नहीं है। घरों में वे अकेले होते हैं और पाले जाते हैं। काटे नहीं जाते। जहां इनका व्यवसाय होता है वहां दिक्कत होती है। काटने के दौरान मुर्गे-मुर्गियों का मुंह खुलता है, जिससे वायरस फैलता है। इसीलिए दुकानों को बंद कराने के आदेश दिए गए हैं।

- **जीएस तंवर**, संयुक्त संचालक पशुपालन विभाग

### प्रतिबंध 10 किलोमीटर में तखतपुर पहुंच गई टीम

चिकन कारोबारी एक तो दस किलोमीटर के दायरे वाले आदेश से पहले ही परेशान हैं, लेकिन उनकी परेशानी तब और बढ़ गई जब इस आदेश के बहाने से जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारी चिकन दुकानों को बंद कराने तखतपुर पहुंच गए। जबकि शहर से तखतपुर की दूरी 30 किलोमीटर की है। इस संबंध में चिकन कारोबारियों ने कलेक्टर से शिकायत भी की है, जिस पर वहां उपस्थित एसडीएम ने अपना पक्ष रखा कि टीम दुकान बंद कराने नहीं, बल्कि केवल सर्वे के लिए गई थी।

### प्रशासन ने बनाया कंट्रोल रूम

जिला प्रशासन ने बर्ड फ्लू से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए कलेक्टोरेट बिल्डिंग के कक्ष क्रमांक-25 में कट्रोल रूम स्थापित किया है। यह चौबीसों घंटे सक्रिय रूप से काम करेगा। नागरिक यहां बर्ड फ्लू से संबंधित किसी भी तरह की जानकारी फोन नंबर 07752-251000 पर साझा कर सकेंगे। कंट्रोल रूम के लिए अधिकारियों की ड्यूटी भी निर्धारित की जा चुकी है। नागरिकों से यहां संदिग्ध रूप से मृत पक्षियों की सूचना देने की अपील की गई है।

## सात दिन नहीं खुलेगा कानन जू का गेट



बर्ड फ्लू का प्रकोप अब कानन पेण्डारी जू में भी मंडराने लगा है, जहां संक्रमण और बचाव एवं जैव सुरक्षा उपायों के लिए कानन प्रबंधन ने सात दिन तक कानन पेण्डारी के गेट को सैलानियों के लिए बंद करने का आदेश जारी कर दिया है। कोनी के शासकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र में मुर्गियों की मौत के बाद जिला प्रशासन की ओर से 10 किलोमीटर के क्षेत्र में बर्ड फ्लू घोषित कर लोगों को बचाने का अनुरोध किया है।



इसके तहत शहर और आसपास के क्षेत्र में सभी मुर्गी फार्म व दुकानों को भी बंद किया जा रहा है। वहीं बर्ड फ्लू से कानन पेण्डारी जू प्रबंधन ने भी वन्यप्राणियों के बचाव के लिए काम करना शुरु कर दिया है। कानन पेण्डारी मीडियम जू में 650 से अधिक शाकाहारी और मांसाहारी वन्यप्राणी हैं, जिन्हें बर्ड फ्लू के कारण खतरा होने की आशंका है। यहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में सैलानी भ्रमण के लिए पहुंचते हैं, जिनकी जांच करना प्रबंधन के लिए संभव नहीं हैं। इसके कारण कानन पेण्डारी जू प्रबंधन ने बर्ड फ्लू एवियन इन्फ्लूयजा की पुष्टि के बाद संक्रमण प्रसार बचाव एवं जैव सुरक्षा उपायों के तहत कानन पेण्डारी के गेट को 25 मार्च यानि बुधवार से आगामी सात दिन तक सैलानियों के लिए अस्थायी रूप से बंद करने का आदेश जारी कर दिया है। इस अवधि के दौरान केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार जू परिसर में आवश्यक कीटाणु रोधी दवाओं का नियमित रूप से छिड़काव कर संक्रमण से बचाव हेतु उपाय सुनिश्चित किया जा रहा है। सभी पक्षियों पर विशेष निगरानी करना, बाहरी व्यक्तियों का जू के अंदर प्रवेश पर नियंत्रण रखना तथा जैव सुरक्षा उपायों का कड़ाई से पालन करना, जन स्वास्थ्य एवं वन्यजीवों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया गया है।




सनातन जगत की सकल आस्था के केंद्र हमारे आराध्य मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के पावन अवतरण दिवस
श्री रामनवमी
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं....
जय श्री राम



श्रीराम नवमीं की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
प्रथम हॉस्पिटल
सर्व सुविधा युक्त
मध्यभारत का सुप्रसिद्ध स्ट्रोक / लकवा यूनिट
A COMPLETE NEURO CARE CENTRE
विभिन्न शासकीय एवं प्राइवेट इन्श्योरेन्स एवं TPA द्वारा कैशलेस उपचार की सुविधा
(डायरेक्टर)
डॉ. रजनीश पाण्डेय
एमबीबीएस, डीएनबी,
एफआईएसएन (न्यूरोलॉजी)
सरकंडा पुलिस स्टेशन के पास, बहतराई रोड बिलासपुर (सी.जी.)
495001, PH : 8962852000


जय श्री राम
श्री रामनवमीं
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
मनीष लाहोरानी
अध्यक्ष
अमित संतवानी
महामंत्री
मुकेश मूलचंदानी
कोषाध्यक्ष
सिंधी युवक समिति बिलासपुर


Project By: Tiwari Brothers
Babuji Empire
Booking Open For Rent
BABUJI EMPIRE
BUILDER & DEVELOPER
Shailesh Tiwari
Devesh Tiwari
Contact For Booking
9827198371, 9907103707
Ashok Nagar Chowk, Sipat Road Sarkanda, Bilaspur (C.G.)
Vikrant.tiwari67@gmail.com


श्रीराम नवमीं की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
LITTLE FLOWER
Hr. Sec. School (English & Hindi Medium
Since : 1991
Regd No : 104
Admission Open
Session 2026-27 / Nursery to 12 th
MATHS
BIOLOGY
COMMERCE
ARTS
Om Nagar, Jarhabhata, Bilaspur
Contact : 9329571050


श्रीराम नवमीं
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
जीवन मिश्रा
अध्यक्ष
जिला कबड्डी संघ बिलासपुर


श्री रामनवमीं
की हार्दिक शुभकामनाएं...
जय श्री राम
जयपुर मूर्ति भंडार
मार्बल की मूर्तियों के निर्माता
सफेद काले संगमरमर
पत्थर की मूर्तियाँ उपलब्ध
ग्रेनाईट पर कम्प्यूटरीकृत
शिलान्यास नेमप्लेट
विशेष: मूर्तियाँ फोटो के आधार पर भी बनाई जाती है
पता :- संजोग वाटिका के पास आशावन रोड
अशोक नगर सरकंडा बिलासपुर मो. 9827110908


श्री राम नवमी
के शुभ अवसर पर
बुकिंग पर विशेष छूट...
महिन्द्रा लोडर
(लोडर सभी ट्रैक्टर मॉडल के लिए उपलब्ध)
फायनेंस सुविधा उपलब्ध
अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर :-
जायसवाल एग्रो
हाईटेक बस स्टैण्ड के पास, शिवम मोटर्स के सामने, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 8109972432, 9926909996


श्रीराम नवमीं
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
भरत लोनिया
अधिवक्ता
Mo. : 9827156687, 7828237623


श्री राम नवमी
हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री क्लीनिक
आक्यूपेशनल थेरेपी, फिजियोथेरेपी
एवं आर्थोटिक एप्लायंस सेंटर
डॉ. सुजाता बाजपेयी
(वरिष्ठ आक्यूपेशनल थेरेपिस्ट)
मो. 98933 44422
हमारी विशेषता
कमर दर्द, गर्दन दर्द, लिगामेंट इनजरी, बेल्स पाल्सी व लकवा, हड्डी संबंधित सभी बीमारियों का फिजियोथेरेपी/आक्यूपेशनल थेरेपी से इलाज एवं सेरेब्रल पाल्सी न्यूरोडाइवरजेंट से ग्रस्त बच्चों का पुनर्वास
पुलिस पेट्रोल पम्प के पास, ईदगाह के सामने, ईदगाह चौक, बिलासपुर
मो. 98279 01250, फोन : 07752 404630


श्रीराम नवमीं
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
विजय वर्मा
(सेवक)
अध्यक्ष प्रतिनिधि व सभापति नगर पालिका परिषद बोदरी


मां दुर्गा की कृपा से जीवन में
शक्ति और समृद्धि का संचार हो
अष्टमी के पावन अवसर पर हर घर में
सुख-शांति का विस्तार हो
नवरात्रि की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
शिल्पी तिवारी
प्रदेश महासचिव (छ.ग. महिला कांग्रेस)
AdPRAYAS


जय श्री राम
रामनवमीं
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
संजय सिंह राजपूत
राष्ट्रीय संयोजक
(छत्तीसगढ़ स्वराज सेना)
राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी
निषाद पार्टी

## खबर संक्षेप

### श्री हनुमान महापाठ में पं. विजय शंकर का व्याख्यान आज



**बिलासपुर।** श्री हनुमान महापाठ समिति द्वारा 26 मार्च को महा अष्टी के अवसर पर शाम 6 बजे से महामाया मंदिर परिसर ग्राम नगोई बैमा में श्री हनुमान महा पाठ का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रख्यात जीवन प्रबंधन गुरू पं. विजय शंकर मेहता का व्याख्यान होगा। इसका मुख्य विषय रामू सहज आनंद निधानू पर आधारित होगा। कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ होगा। अंत में श्री अनुमान की आरती होगी। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू , डिप्टी सीएम अरुण साव, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, नगर विधायक अमर अग्रवाल, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, महापौर पूजा विधानी अतिथि होंगी। कार्यक्रम के संयोजक मुख्य संरक्षक बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील की है।

### हरदेवलाल भगवती मंदिर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 29 को

**बिलासपुर।** गायत्री शक्तिपीठ और हरदेवलाल भगवती मंदिर के सौजन्य से 29 मार्च रविवार को सुबह 8 बजे से 10 बजे तक हरदेव लाल मां भगवती मंदिर प्रांगण गोल बाजार में स्वास्थ्य शिविर लगाय जा रहा है। इसमें डा. शुभाशीष महतो, डा. आलोक सुल्तानिया, डा. महेन्द्र प्रसाद सामल, डा. गीता विश्वकर्मा, डा. एसवी सिंह, डा. प्रियंका नेताम सेवाएं देंगे। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि रविवार सुबह 8 बजे से प्रारंभ यह शिविर सुबह 10 बजे तक भगवती मंदिर हरदेवलाल प्रांगण में चलेगा। आयोजन को लेकर समिति के सदस्यों ने पूरी तैयारी कर ली है। लोक कल्याण के लिए समय -समय पर यह शिविर मंदिर परिसर में लगाया जाता है जिसमें शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग शामिल होते हैं।

### रमन विश्वविद्यालय ने सुश्री रेणुका को दी पीएचडी की उपाधि



**बिलासपुर।** सुश्री रेणुका भूषण को डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय के भाषा एवं साहित्य विभाग द्वारा अंग्रेज़ी विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने अपना शोध डा गुरप्रीत कौर के निर्देशन में में पूर्ण किया। वर्तमान में वे स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मंगला में अंग्रेजी की व्याख्याता है। वे स्व जी शशिभूषण व नलिनी भूषण की सुपुत्री है।

### डा. रमन विश्वविद्यालय ने महेन्द्र को दी पीएचडी की उपाधि



**बिलासपुर।** डॉ सी वी रमन विश्व विद्यालय कोटा द्वारा महेंद्र कुमार दुबे को पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया है। उन्हें इतिहास विषय में उनके शोध ग्रंथ शैव परम्पराए निरंतरता प्रासंगिकता एवं चुनौतियां बिलासपुर संभाग के विशेष संदर्भ में यह उपाधि प्रदान की गई है । इन्होंने डॉ अंजू तिवारी इतिहास के कुशल मार्गदर्शन में अपना शोध कार्य पूरा किया है। श्री दुबे वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलमुंडी विकास खंड तखतपुर में व्याख्याता हैं। वे ग्राम हांफा के जुगल किशोर दुबे के पुत्र हैं।

## बिजनेस प्लस

### अपग्रेड लर्निंग सपोर्ट सेंटर में आधुनिक कोर्स उपलब्ध

**बिलासपुर ।** शहर के शिक्षा क्षेत्र में एक नई पहल के तहत देश की अग्रणी एडटेक कंपनी अपग्रेड द्वारा बिलासपुर में लर्निंग सपोर्ट सेंटर की शुरुआत की गई है। इस सेंटर का उद्देश्य स्थानीय छात्रों और कामकाजी युवाओं को डिमांड वाले कोर्स की सुविधा प्रदान करना है। डिजिटल युग में तेजी से बढ़ती टेक्नोलॉजी के बीच उभरता हुआ क्षेत्र है, जिसमें मशीनें टेक्स्ट, इमेज, वीडियो और कोड जैसे नए कंटेंट तैयार कर सकती हैं। वहीं डाटा साइंस और डाटा एनालायटीस के माध्यम से डेटा का विश्लेषण कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाते हैं, जिसकी आज हर क्षेत्र में मांग बढ़ रही है। इस सेंटर में प्रोग्रामिंग, मशीन लर्निंग, डेटा विजुअलाइजेशन और लाइव प्रोजेक्ट्स के जरिए छात्रों को प्रैक्टिकल अनुभव दिया जाएगा। साथ ही बेसिक्स और उसके व्यावहारिक उपयोग भी सिखाए जाएंगे। यह पहल खासतौर पर नॉन-टेक्निकल बैकग्राउंड के छात्रों के लिए उपयोगी साबित होगी। मेंटरशिप, करियर गाइडेंस और जॉब-रेडी स्किल्स पर विशेष फोकस रहेगा। यह सेंटर थर्ड फ्लोर, पुराना बस स्टैंड, माँ वैष्णवी प्लाजा में स्थित है, जो युवाओं के लिए नए अवसरों का द्वार खोलेगा।

**एलाइंस एयर जारी करेगा नया शेड्यूल** सरकार के पास एक और मौका, अभी भी बिलासपुर के साथ न्याय करें

# बिलासपुर-दिल्ली और बिलासपुर-प्रयागराज शेड्यूल केवल 29 मार्च से 15 अप्रैल तक मान्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने एलाइंस एयर के शेड्यूल पर बताया कि इस शेड्यूल के अनुसार बिलासपुर, अंबिकापुर दिल्ली, बिलासपुर, प्रयागराज, दिल्ली यह दोनों शेड्यूल केवल 29 मार्च से 15 अप्रैल तक के लिए ही जारी हुए हैं। अर्थात अभी इस पर पुनर्विचार की गुंजाइश बाकी है और उड़ानों की संख्या बढ़ाई जा सकती है। समिति ने बताया कि वर्तमान में जारी शेड्यूल जो 5 दोनों का है उसमें से तीन दिन सोमवार शुक्रवार और शनिवार की उड़ानों को केवल 15 अप्रैल तक ही अभी घोषित किया गया है।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बिलासपुर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और राज्य सरकार के पास एक मौका और है कि वह बिलासपुर के साथ



न्याय करें और कब से कम दिल्ली की उड़ान को सप्ताह के सातों दिन प्रयागराज उड़ानों की संख्या बढ़े और साथ ही हैदराबाद के लिए बहु प्रतीक्षित उड़ान बिलासपुर के लिए स्वीकृत कराए।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने यह भी कहा कि जो जानकारी प्राप्त हुई है उसके अनुसार रीवा रायपुर उड़ान का संचालन हैदराबाद देश के विमान से किया जा रहा है अर्थात दिल्ली से रीवा आने वाली उड़न रीवा से ही वापस दिल्ली चली जा रही है जबकि इस विमान को बिलासपुर तक बढ़ने से सप्ताह में तीन दिन बिलासपुर से दिल्ली के लिए शाम के समय एक नई उड़ान सीधी उड़ान उपलब्ध हो सकेगी। क्योंकि बिलासपुर एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग की सुविधा हो चुकी है अतः इस विमान को रीवा से बिलासपुर बढ़ाने में कोई असुविधा नहीं होना है।

**एसईसीएल के सीएमडी ने किया उद्‌घाटन**

# डीएवी विद्यालय में 'महात्मा आनंद स्वामी ऑडिटोरियम' का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डीएवी विद्यालय में 25 मार्च को 'महात्मा आनंद स्वामी ऑडिटोरियम' का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर 101 कुंडीय हवन, रक्तदान शिविर तथा 'पौधा लगाओं, देश बचाओ' अभियान जैसे सामाजिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसईसीएल के सीएमडी हरीश दूहन थे। विशिष्ट अतिथियों में डायरेक्टर, एच आर,एस ई सी एल वीरांची दास एल एम सी अध्यक्ष श्यामल राव, सीनियर मैनेजर विवेक, बी. सी. सेठी , राजकुमार वर्मा, दीपांशु, श्याम बोरकर, शैलेश चक्रवर्ती, आर्य समाज के अध्यक्ष आर.के. अग्रवाल मौजूद थे। मुख्य अतिथि एसईसीएल के सीएमडी ने रिबन काटकर ऑडिटोरियम का उद्‌घाटन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य के पार्थिपन ने बताया कि डीएवी विद्यालय निरंतर सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है और समाज को आदर्श नागरिक प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि आज डी ए वी संस्था के संचालक पद्मश्री, पूनम सूरी का जन्मदिन भी है जोकि जीवन पर्यंत एक आर्य समाजी ,शिक्षाविद तथा सामाजिक कार्यकर्ता रहे। विद्यालय प्राचार्य ने पूनम सूरी को याद करते हुए उनके 78 वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं प्रेषित की । मुख्य अतिथि एसईसीएल सीएमडी हरीश दूहन ने कहा कि डीएवी सदैव ही बच्चों के समग्र विकास के लिए समर्पित रहा है। श्री दूहन ने आश्वासन दिया कि एस ई सी एल भविष्य में भी बच्चों के विकास के लिए विद्यालय के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करता रहेगा। डायरेक्टर एच आर वीरांची दास ने कहा कि डीएवी संस्थान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। वहीं एल एम सी अध्यक्ष, श्यामल राव ने भविष्य में भी सहयोग जारी रखने का आश्वासन दिया। सीनियर मैनेजर विवेक ने कहा कि डीएवी बिलासपुर आज छत्तीसगढ़ के श्रेष्ठतम विद्यालयों में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। उन्होंने प्राचार्य के दूरदर्शी नेतृत्व की भी प्रशंसा की।

#### इन्होंने किया रक्तदान

कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित रक्तदान शिविर का भी अतिथियों ने शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में एस माधवी, शिवानी, अंजू दानी, रंजू शर्मा राय, रिद्या, प्रीति मणिपुरी, राकेश डे, मंगल, नूर अहमद, हसन खान, वैभव झा, राम कुमार देवांगन आदि ने रक्तदान किया। रुचिरा मुखर्जी ने आभार व्यक्त किया।

## नवरात्रि पर भूमिहीन श्रमिकों को आर्थिक सहायता एक बड़ी सौगात



**बिलासपुर।** दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन आज जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक धरमलाल कौशिक ने की। इस अवसर पर विशेष अतिथि विधायक सुशांत शुक्ला तथा जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री साव ने कहा कि नवरात्रि पर भूमिहीन श्रमिकों को यह आर्थिक सहायता एक महत्वपूर्ण सौगात है। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में लगभग 5 लाख 62 हजार हितग्राहियों के खातों में 10 -10 हजार रुपए की राशि अंतरित की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं। गांव, गरीब और किसानों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सरकार गठन के पश्चात रुके हुए प्रधानमंत्री आवास के 26 लाख हितग्राहियों को लाभान्वित किया तथा महतारी वंदन योजना के माध्यम से लगभग 70 लाख महिलाओं के खातों में 1-1 हजार की राशि अंतरित की जा रही है। उन्होंने कहा कि भूमिहीन श्रमिकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए 10 हजार रुपए की सहायता एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे वे आत्मनिर्भर बनेंगे। उन्होंने प्रतीक स्वरूप 20 श्रमिकों को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया।

- **भूमिहीन श्रमिकों को 10 हजार की सहायता राशि सीधे खाते में अंतरित**

## जांघ में घुसी बंदूक की गोली, सिम्स के डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर बचाया मरीज का पैर



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) के डॉक्टरों ने एक बार फिर अपनी दक्षता और त्वरित निर्णय क्षमता का परिचय देते हुए जांघ में फंसी बंदूक की गोली को सफलतापूर्वक निकालकर मरीज का पैर बचा लिया।

यह ऑपरेशन अत्यंत जटिल था, क्योंकि गोली महत्वपूर्ण रक्त वाहिकाओं के बेहद करीब फंसी हुई थी। जानकारी के अनुसार पंकज कश्यप को 23 मार्च 2026 को जांघ में गोली लगने के बाद गंभीर अवस्था में सिम्स में भर्ती कराया गया। व्यास नगर पामगढ़ से रेफर होकर पहुंचे इस मरीज की स्थिति चिंताजनक थी, जिसे देखते हुए डॉक्टरों ने तत्काल इलाज शुरू किया। हड्डी रोग विभाग के डॉ. तरुण सिंह ने बताया कि मरीज की स्थिति गंभीर थी और शरीर में गोली का बने रहना संक्रमण और अन्य जटिलताओं को जन्म दे सकता था।पूरी सावधानी और तकनीकी दक्षता के साथ सर्जन टीम ने सफलतापूर्वक बुलेट को बाहर निकाल लिया। इस जटिल ऑपरेशन को सफल बनाने में डॉ. तरुण सिंह, डॉ. प्रमोद, डॉ. शशांक और डॉ. रौनक, डॉ. मिल्टन और डॉ. प्रशांत, शोभना, प्रीति और घूरई का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। सफल ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत स्थिर है और वह खतरे से बाहर है। विभागाध्यक्ष डॉ. ए.आर. बेन, सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने भी इस सफलता पर खुशी जताते हुए पूरी टीम को बधाई दी।

### औद्योगिक सुरक्षा जागरूकता एवं प्रशिक्षण

**बिलासपुर।** औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा पं. देवकीनंदन दीक्षित सभागृह में आयोजित एकदिवसीय औद्योगिक सुरक्षा जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में संभागायुक्त सुनील जैन, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, आईएचएस के संचालक मनीष श्रीवास्तव ने संबोधित किया। कार्यशाला में औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के डिप्टी डायरेक्टर विजय कुमार सोरी, प्रदेश के विभिन्न जिलों से औद्योगिक इकाइयों के प्रबंधन एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## उप डाकघरों के समय में किया गया परिवर्तन

**बिलासपुर।** मुख्य डाकघर की ओर से अधीक्षक ने एक आदेश जारी करते हुए संभाग के उप डाकघरों के समय में परिवर्तन किया है। जानकारी के अनुसार बिलासपुर डाक संभाग के उप डाकघर बम्हनीबाजार, बिर्रा, जैजैपुर, वीवीसीएल गेवरा प्रोजेक्ट, भैसमा, मरवाही, लोरमी, चंद्रपुर, डभरा, मालखरौदा छोड़कर शेष उप डाकघरों के समय में ग्राहकों की सुविधा के लिए समय में परिवर्तन किया गया है। इसके तहत छुट्टी और रविवार व शनिवार को छोड़कर सामान्य दिवस में पूछताछ का समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक, रजिस्ट्री स्पीड पत्र पार्सल की बुकिंग का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक, बीमा पत्रों, पार्सल, व्ही पत्र, बीमाकृत स्पीड वस्तुओं की बुकिंग शाम 4 बजे तक, डाक टिकिट की बिक्री शाम 6 बजे तक, बचत बैंक संबंधी लेन देन दोपहर 3 बजे तक, भारतीय पोस्टल आर्डर बिक्री भुगतान, डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा प्रीमियम जमा और टेलीफोन बिल जमा दोपहर 3 बजे तक, एमओ, ईएमओ, आईएमओ, एमएमटीएस कार्य दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा।

## सिम्स स्वशासी समिति ने दी विकास कार्यों को स्वीकृति

**बिलासपुर।** संभागायुक्त सुनील जैन की अध्यक्षता में सिम्स की स्वशासी समिति (प्रबंधकारिणी सभा) की बैठक बुधवार को सिम्स के नवीन काउंसिल कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर संजय अग्रवाल उपस्थित रहे।

बैठक के बाद संभागायुक्त ने चिकित्सालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने वार्ड, ओपीडी एवं अन्य प्रमुख इकाइयों का अवलोकन कर साफ-सफाई, उपचार व्यवस्था तथा मरीजों को दी जा रही सुविधाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर सदस्य सचिव और डीन रमनेश मूर्ति, डिप्टी कमिश्नर डॉ. स्मृति तिवारी, अस्पताल अधीक्षक लखन सिंह, नोडल अधिकारी डॉ. भूपेन्द्र कश्यप भी मौजूद थे। बैठक में संस्थान के शैक्षणिक, चिकित्सकीय एवं अधोसंरचना विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर कई अहम निर्णय लिए गए। संभागायुक्त ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार तथा मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया।




**इन विकास कार्यों को दी स्वीकृति**

बैठक में सिम्स ऑडिटोरियम में केंद्रीकृत वातानुकूलन प्रणाली की स्थापना, भवन मरम्मत एवं अन्य सिविल कार्य, जल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार, महाविद्यालय भवन में अतिरिक्त निर्माण एवं वाटर प्रूफिंग सहित विभिन्न विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ ही संस्थान के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह की तैयारी करने का निर्णय लिया गया। मोर्चरी भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, विद्यार्थियों के अध्ययन कक्षों के उन्नयन, फिजियोथेरेपी इकाई के विस्तार तथा अस्पताल परिसर में आवश्यक रखरखाव कार्यों को भी मंजूरी दी गई।




चौबीसवीं पुण्यतिथि

आज आपके चौबीसवीं पुण्यतिथि पर हम श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं

स्व. सरदार दर्शन सिंह सिदाना
जन्म - 13.01.1932 अवसान - 26.03.2002

श्रद्धानवत्
सतपाल सिंह सिदाना (सोनू)-आकांक्षा सिदाना (लवली) (पुत्र-पुत्रवधु), आरिन-अर्णव सिदाना (पौत्र) एवं समस्त सिदाना परिवार
फर्म: डी.एस. कन्सल्टेंसी-चाटापारा, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9300501231, 9827165849


## प्रगतिशील युवा स्वर्णकार समाज के सूर्यकांत अध्यक्ष

**बिलासपुर।** प्रगतिशील युवा स्वर्णकार समाज की बैठक तिलकनगर चांटापारा में हुई। जिसमें सकरी स्थित कब्जा किए गए भवन में हुए कार्रवाई एवं शासन द्वारा भवन को कब्जा मुक्त कराए जाने तक की विवरण कार्रवाई समाज के सामने प्रस्तुत किया गया। इसी भवन संबंधित शासकीय कार्रवाई को आगे बढ़ाने के लिए नई कार्यकारिणी की गठन किया गया। इसमें सूर्यकांत सोनी को मनोनीत अध्यक्ष नियुक्त किया गया। तत्पश्चात सूर्यकांत सोनी ने अपनी कार्यकारिणी में संरक्षक अनुपम सोनी, पुरूषोत्तम सोनी, सी एल सोनी, राजेन्द्र सोनी, अमरनाथ, उपाध्यक्ष सूरज सोनी, महासचिव राकेश सोनी, रूद्र नारायण सोनी, सचिव राजू सोनी, कोषाध्यक्ष कामता प्रसाद सोनी, सहसचिव बिहारी सोनी, सुरेश सोनी, मीडिया प्रभारी- पवन सोनी, बालकृष्ण सोनी, विधि सलाहकार अजय स्वर्णकार, कार्यकारिणी सदस्य गुना राम सोनी, चंद्रकांत सोनी, हेमंत सोनी, विनोद सोनी, महेश सोनी, धर्मेन्द्र सोनी, सतीश सोनी, प्रकाश सोनी, उमेश सोनी, बलराम सोनी, लक्ष्मी नारायण सोनी, विकास सोनी, अतुल सोनी, अभिषेक सोनी, प्रिंस सोनी आदि को बनाया गया। सकरी के सामाजिक भवन जिसे तहसीलदार के निर्देश पर नई कार्यकारिणी को यथाशीघ्र भवन स्थल को आवश्यक कार्रवाई करते हुए समाज के कब्जे में लेने का जिम्मेदारी दी गई है। उक्त प्रस्ताव पदाधिकारीयों की सहमति से पारित किया गया। बैठक में पुरूषोत्तम सोनी, अनुप सोनी, सी एल सोनी, अमरनाथ सोनी, राजेन्द्र सोनी, राकेश सोनी, रूद्र नारायण सोनी, बालकृष्ण सोनी, अनिल सोनी, दीपक सोनी, सूरज सोनी, सूर्यकांत सोनी, चंद्रकांत सोनी, लोकेश कुमार सोनी, राम कुमार सोनी, धर्मेन्द्र कुमार सोनी, किशोर सोनी, गुना राम सोनी, राजू सोनी, महेश राम सोनी, बिहारी सोनी, पवन सोनी, कामता सोनी, हेमंत सोनी, अभिषेक सोनी आदि उपस्थित थे।







श्री हनुमान महापाठ

प्रख्यात जीवन प्रबंधन गुरू
पं. विजय शंकर जी मेहता
की ओजस्वी वाणी से दिव्य व्याख्यान

विषयः रामू सहज आनंद निधानू
(स्वभाव से ही आनंद के निधान श्रीराम...!)

26 मार्च 2026, गुरूवार
सायं 6.00 बजे से
महामाया मंदिर परिसर, ग्राम नगोई (बैमा) बिलासपुर (छ.ग.)

आप सपरिवार ईष्ट मित्रों सहित सादर आमंत्रित हैं...



पं. विजय शंकर जी मेहता
प्रख्यात जीवन प्रबंधन गुरू

श्री हनुमान महापाठ समिति, बिलासपुर
संयोजक-मनोज भण्डारी कार्यकारी अध्यक्ष-सुनील खण्डेलवाल
महासचिव-संजय रजक, संजय बुधिया,सह संयोजक-नारायण आवटी,
रामकिशोर अग्रवाल (चुक्की), सुभाष अग्रवाल (आभा)
उपाध्यक्ष-ललित पुजारा, चितरू अग्रवाल, महेश सुल्तानिया
सचिव-प्रसन्न सिंह ठाकुर, सहसचिव-अनंत बाजपेयी, प्रचार सचिव-जूही जैन
संरक्षक :- श्री अशोक अग्रवाल (सी.सी.एन.), श्री अनिल खंडेलवाल
श्री रामावतार अग्रवाल (सत्या पॉवर), श्री प्रवीण झा



मुख्य संरक्षक
श्री सुशांत शुक्ला
विधायक, बेलतरा

निवेदक - श्री हनुमान महापाठ समिति, बिलासपुर (छ.ग.)
J.J.Ad

## निधन

### विमल यादव

**बिलासपुर।** आसमां सिटी होम फेस 1 निवासी विमल यादव का 25 मार्च को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 26 मार्च को सुबह 10.30 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्वर्गीय ओपी यादव की पत्नी एवं मनोज, शरद, अभिषेक, आराधना यादव की माता थीं।



### भागमती साहू

**बिलासपुर।** ग्राम मसनी मुंगेली निवासी भागमती साहू का 24 मार्च को निधन हो गया। वे 80 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम मसनी में किया गया। वे ललित राम, सोनसाय, यादराम, सावित्री देवी साहू की मां थीं।



### संदीप बोले

**बिलासपुर।** दयालबंद टिकरापारा रोड निवासी संदीप बोले का 25 मार्च को निधन हो। उनकी अंतिम यात्रा 26 मार्च को सुबह 10.30 बजे उनके निवास से शमशान घाट मुक्तिधाम दयालबंद के लिए निकलेगी। वे घनश्याम बोले के पुत्र थे।



### ननका राम साहू

**बिलासपुर।** सिंधी कालोनी स्मार्ट रोड निवासी ननका राम साहू का 25 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 26 मार्च सुबह 11 बजे कस्तूरबा नगर स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे मनोज व नरेन्द्र साहू के पिता थे।



### कमला देवी भट्ट

**बिलासपुर।** तेलीपारा पुराना दरबार लॉज के पीछे रहने वाली कमला देवी भट्ट का बुधवार को निधन हो गया। वे 78 वर्ष की थी। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे बंटी भट्ट और राजू भट्ट की माता थीं।



### कमला देवी नाथानी

**बिलासपुर।** विशाल हाइट महामाया विहार निवासी कमला देवी नाथानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 26 मार्च को उनके निवास से सुबह 11 बजे झूलेलाल मुक्तीधाम कस्तूरबा नगर सिंधी कालोनी के लिए निकलेगी। वे स्वः जयरामदास नाथानी की पत्नी, डॉ प्रकाश, माधवदास अशोक,रमेश,कृष्णा निर्मलदास नाथानी की माता थीं।



### डॉ हृदय नारायण गुप्ता

**मुंगेली।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित अधिवक्ता रहे स्व. विश्वनाथ प्रसाद गुप्ता के पुत्र डॉ हृदय नारायण गुप्ता का निधन 25 मार्च बुधवार को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 26 मार्च गुरूवार को 11 बजे उनके गांधी वार्ड स्थित निवास से निकाली जाएगी। अंतिम संस्कार खर्राघाट स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे रामखिलावन गुप्ता, विजयश्री गुप्ता, व्यासनारायण गुप्ता के भाई एवं दीपेन्द्र, रविन्द्र गुप्ता के पिता थे।



## 6 स्कूलों में प्रार्थना शेड निर्माण के लिए 40 लाख स्वीकृत

# विद्यार्थियों को धूप और बारिश से मिलेगी राहतः कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिल्हा

क्षेत्र के विधायक व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक की अनुशंसा पर विखं बिल्हा और पथरिया की विभिन्न शासकीय पूमा शालाओं में प्रार्थना शेड निर्माण के लिए 40 लाख रुपए की स्वीकृति साय सरकार की ओर से दी गई है। उक्त राशि से अंतर्गत शास पूमा शाला परसदा, शास पूमा शाला धमनी, शास पूमा शाला चकरभाठा 7 लाख , शास पूमा शाला खम्हारडीह 7 लाख, शास पूमा शाला कया 7 लाख और पथरिया विखं के शास पूमा शाला पथरगढ़ी में 5 लाख रुपए की लागत से प्रार्थना शेड का निर्माण कराया जाएगा।

इस मौके पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कौशिक ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा, बिल्हा में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत और आधुनिक बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, और राज्य सरकार से निरंतर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा, इन इसके निर्माण से विद्यार्थियों को धूप और बारिश से राहत मिलेगी। इस तरह के विकास कार्यों से विद्यार्थियों को बेहतर माहौल मिलेगा और उनकी पढ़ाई के साथ-साथ अनुशासन व सामूहिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।



## धरमलाल ने कार्यकर्ताओं के साथ किया मां महामाया का दर्शन

**बिलासपुर।** बिल्हा विधायक व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने नवरात्रि की सप्तमी के पावन अवसर पर रतनपुर स्थित आदिशक्ति मां महामाया का दर्शन करने पहुंचे। श्री कौशिक ने मां महामाया के दिव्य दरबार में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस पुण्य अवसर पर उन्होंने मां काली एवं भैरव बाबा की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति, खुशहाली एवं निरंतर विकास की मंगल कामना की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मोहित जायसवाल, मंडल अध्यक्ष दुर्गा कश्यप, नगर पंचायत अध्यक्ष सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सीने पर जोत, कील का बिस्तर मां की भक्ति में लीन कन्या



**लोरमी।** नवरात्रि का पर्व शुरू होते ही भक्त श्रद्धा के साथ माता रानी की आराधना व पूजा में जुट जाते हैं। माता को प्रसन्न करने कई भक्त अपने सीने पर जोत जलाते हैं, तो कुछ कील पर सोते हैं। वहीं कुछ लोग सीने में ज्वारा बोकर माता की भक्ति में लीन रहते हैं।

इसी क्रम में एक 16 वर्षीय कन्या 5 दिनों तक अपने सीने पर जोत जला कर एवं कील पर सोकर माता की आराधना में लीन रही। इसे दैवीय चमत्कार मानते हुए लोगों की भीड़ दर्शन लाभ के लिए उमड़ रही है। लोग इसे माता के प्रति भक्त की गहरी आस्था का चमत्कार मान रहे हैं। लोर मी से 10 किलोमीटर वनांचल से सटे ग्राम बघनी भांवर में 16 वर्षीय कन्या मीनाक्षी ध्रुव पिता कन्हैया ध्रुव नवरात्रि के प्रथम पांच दिनों तक सीने पर ज्योति कलश लेकर कील के बिस्तर पर सोई रही। इस अद्भुत दैवीय दृश्य का दर्शन करने दूर-दराज से बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। इसी तरह यहां की ईना मार्को नामक एक और 16 वर्षीय कन्या 9 दिनों तक उपवास रखते हुए जमीन पर लेटकर माता की आराधना में लीन है। ये कन्या 9 दिनों तक केवल नींबू का रस पीती है।

## 80 पाव देशी शराब सहित दो गिरफ्तार

**सेतगंगा-मुंगेली।** ग्राम नागोपहरी मे अवैध रूप से अधिक मात्र में शराब बिक्री परिवहन करने वाले ग्राम विचारपुर व निरजाम निवासी 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। प्रकरण मे 2 आरोपियों से 80 पाव देशी प्लेन मदिरा 1 स्कूटी जब्त कर कार्रवाई की गई।

थाना फास्टरपुर-सेतगंगा एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम ने नशे के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में शराब परिवहन करते 2 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। 24 मार्च को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना फास्टरपुर-सेतगंगा पुलिस व सायबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम नागोपहरी, सौर ऊर्जा पानी टंकी के पास घेराबंदी कर संदिग्धों को हिरासत में लेकर तलाशी ली। तलाशी में आरोपियों से 80 नग देशी प्लेन मदिरा 14.400 बल्क लीटर कीमती 6 हजार 400 रूपए एवं शराब परिवहन मे प्रयुक्त स्कूटी कीमती 15 को जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी धन्नु यादव पिता आत्माराम उम्र 36 वर्ष निवासी



विचारपुर थाना फास्टरपुर सेतगंगा, प्रहलाद यादव पिता संतराम उम्र 18 वर्ष 09 माह निवासी निरजाम थाना सिटी कोतवाली को खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क) के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

## राजीव गांधी जलाशय से मनियारी नदी में पानी छोड़ने की मांग

**बिल्हा।** मुंगेली जिले के वनांचल क्षेत्र से निकली मनियारी नदी पर राजीव गांधी जलाशय खुड़िया से पानी छोड़ने हेतु बिलासपुर जिला पंचायत सदस्य अनिता राजेन्द्र शुक्ला ने बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल व मुंगेली कलेक्टर कुंदन कुमार को पत्र प्रेषित किया है।



■ जिपं सदस्य अनिता ने लिखा बिलासपुर, मुंगेली कलेक्टर को पत्र

श्रीमति शुक्ला ने पत्र में उल्लेख किया कि, नदी-नालों में जल होने पर भीषण गर्मी में होने वाले जलसंकट से निपटा जा सकता है। साथ ही नदी में पानी होने से खुड़िया, मुंगेली से लेकर बिलासपुर के बिल्हा विधानसभा के ग्राम भोजपुरी, ताला, पौसरी व मुंगेली जिले के रामबोड, खम्हारडीह, सल्फा, चुनचुनिया से लेकर शिवनाथ नदी संगम टेल एरिया तक नदी से लगे ग्रामों में नलकूप व बोरवेल सहित सभी जगहों पर जलस्तर मध्यम रहेगा। इससे जन-जीवन को पेयजल के लिए जूझना नहीं पड़ेगा। साथ ही पशु-पक्षी सहित समस्त जीव-जंतुओं की प्यास के कारण अकाल मृत्यु भी नहीं होगी। पेड़-पौधे हरे हरे-भरे रहने से भीषण गर्मी में भी ग्रामों का ऑक्सीजन लेवल सामान्य रहेगा। उक्त बिंदओं पर ध्यान आकर्शित करते हुए श्रीमति शुक्ला ने नदी में पानी छोड़ने का निवेदन किया।

### सप्तमी पर परसदा में जसगीत एवं जंवारा कार्यक्रम

**बोदरी।** शारदीय नवरात्रि की सप्तमी तिथि के पावन अवसर पर ग्राम परसदा में भक्ति और उत्साह के साथ जसगीत एवं जंवारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान माता दुर्गा के सप्तम स्वरूप मां कालरात्रि की विशेष पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में जसगीत मंडलियों ने माता की महिमा का गुणगान किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दरबार में उपस्थित होकर जंवारा स्थापित कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर गांव के महिला, पुरुष, युवा और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजन समिति ने बताया कि, नवरात्रि के पावन दिनों में इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों से समाज में आस्था, एकता और भाईचारे की भावना मजबूत होती है।

# कई मौतों के बाद जागा प्रशासन सड़कों पर बने स्पीड ब्रेकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

क्षेत्र में इन दिनों सड़क हादसों को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। मुख्य मार्ग में एवं अंदरूनी स्थान में स्पीड ब्रेकर बनाकर रफ्तार पर लगाम लगाने की सख्ती से निपटने की तैयारी दिखाई दे रही है। बीते एक सप्ताह में तीन बेगुनाहों ने अपनी जिंदगी खो दिया है, जिसे गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने विभिन्न मुख्य मार्गों पर रम्बल स्पीड ब्रेकर बनाना प्रारम्भ कर दिया है।

मालवाहकों वाहनों की अनियंत्रित रफ्तार से शहर एवं क्षेत्र की यातायात व्यवस्था चरम पर है, जिससे आए दिन छोटी-बड़ी सड़क हादसे प्रकाश में आ रहे हैं। 15 मार्च को मनियारी पुल के पास पार्षद की पत्नी मंजू डड़सेना एक हैवी वाहन के चपेट में आकर घायल हो गईं, जिनकी ईलाज के दौरान मौत हो गई। इसी 19 मार्च को देर रात रानीगांव-पंडरिया मार्ग पर पवन निषाद एवं 24 मार्च को डिंडोल मुख्य मार्ग पर हादसे में कुंज बिहारी राजपूत की मौत हो गई। इस तरह की कई अन्य छोटी घटनाएं भी हैं, जिनकी सूचना थाने तक नहीं पहुंच पाई। गौरतलब है कि, एक हादसे के बाद एसडीएम अजित पुजारी के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अमले की उपस्थित में विश्राम गृह में बैठक भी हुई थी। साथ ही यातायात को दुरुस्त करने मुख्य मार्गों से अतिक्रमण हटाकर सड़क व्यवस्था सुदृढ़ की गई थी। साथ ही पुलिस विभाग ने सड़क के मुख्य मार्ग में ड्रम बेरिकेट लगाकर कर रफ्तार को नियंत्रण करने कोशिश भी की, लेकिन इसके बावजूद दो जिंदगियां रफ्तार की भेंट चढ़ गईं। अब प्रशासन ने अलर्ट मोड आया और पर तत्काल एक्शन लेते हुए बुधवार की सुबह गड्ढों को भरने एवं विभिन्न 10 से 12 स्थानों पर रम्बल स्पीड ब्रेकर सड़क पर निर्माण किया गया।



### सख्त कार्रवाई

बुधवार को हैवी मालवाहक वाहनों की बैठक लेकर सख्त कार्रवाई के संदेश दिए गए। यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने कड़े नियम लागू किया गया।
**- हरविंदर सिंह,** एसडीओपी

8 से 10 स्थानों रम्बल स्पीड ब्रेकर बनाया जा रहा है। मानकों के अनुसार कनेक्टिक रोड पर भी बनाया गया।
**- प्रवीण शुक्ला,** एसडीओ लोकनिर्माण विभाग

यातायात व्यवस्था को सुधारने कारगर उपाय किए जाएंगे, जिसमें यातायात के नियम सख्त एवं बाजार रोड में भी सेफ्टी संबंधित कार्रवाई करेंगे।
**-अजीत पुजारी,** एसडीएम

नपा के 20 लोगों की टीम बनाई गई है, जो नियमित निरीक्षण कर कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। बाजार बैठक व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी।
**-चंदन शर्मा,** सीएमओ

## पानी के अभाव में सूख रहे डिवाइडर पर लगे पौधे

**मुंगेली।** गर्मी का मौसम आते ही दाऊपारा से गीधा तक डिवाइडर में लगे पौधों की देखभाल पानी की व्यवस्था नही होने से सूखते जा रहे है। डिवाइडर में लगे पौधों में पानी की व्यवस्था के लिये उद्यानिकी विभाग को लगभग 14 लाख रूपए का बजट उपलब्ध कराकर जिम्मेदारी दी गई थी।



डिवाइडर पर लगाए गए पौधे पूर्ण आकार लेने के बाद पानी के छिड़काव नहीं होने के चलते सूखने के कगार पर पहुंच रहे हैं, जिसे लेकर पर्यावरण प्रेमी चिंता व्यक्त किये है। मुंगेली-बिलासपुर मुख्य मार्ग पर दाऊपारा से लेकर गीधा तक लगभग 4 किलोमीटर के डिवाइडर में लगे पौधों की सिंचाई के नाम पर लाखों रुपए पानी की तरह बहा दिए गए, लेकिन धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 5 अप्रैल 2023 को सहायक संचालक उद्यानिकी द्वारा डिवाइडर के पौधों की सिंचाई व्यवस्था के लिए 13 लाख 82 हजार रुपए की भारी-भरकम राशि स्वीकृत की गई थी। सरकारी फाइलों में अब तक लगभग 14 लाख रुपये खर्च भी दिखाए जा चुके हैं। स्थानीय निवासियों और राहगीरों का कहना है कि, शुरुआत में कुछ दिनों तक सिंचाई का दिखावा किया गया, लेकिन रख-रखाव के अभाव में बोरवेल और पाइपलाइन शो-पीस बनकर रह गए हैं। डिवाइडर में लगे बड़े-बड़े पौधे को सूखते देखकर पर्यावरण प्रेमी चिंतित हैं। उद्यानिकी विभाग द्वारा पौधों की देखभाल, पानी की समुचित व्यवस्था के बाद भी पौधों तक पानी नही आने से शासकीय राशि खर्च पर अब सवालियां निशान लग रहे हैं। जानकारों का मानना है कि, यदि इस राशि का सही उपयोग हुआ होता, तो आज यह क्षेत्र एक आदर्श हरित गलियारे के रूप में विकसित हो चुका होता। इस संबंध में संबंधित निर्माण एजेंसी उद्यानिकी विभाग के उपसंचालक से संपर्क किया गया, किन्तु उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

## महामाया मंदिर में 700 कन्याओं ने किया भोज



**मुंगेली।** नगर के महामाया मंदिर में सप्तमी तिथि के अवसर पर 700 कन्याओं को कन्या भोज कराया गया। मंदिर समिति द्वारा आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में 700 कन्याओं को आमंत्रित किया गया। उन्हें मां दुर्गा का साक्षात स्वरूप मानकर उनका चरण पूजन किया गया, उपहार भेंट किए गए और आदरपूर्वक भोजन कराया गया। इस दौरान वातावरण भक्तिमय बना रहा। सप्तमी के दिन कन्या भोज आयोजित करने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नगरवासियों ने मंदिर समिति के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि, ऐसे आयोजन न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखते हैं, बल्कि समाज को एक सकारात्मक दिशा भी प्रदान करते हैं। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और उन्होंने भी कन्याओं को भेंट देकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही प्रशासनिक अधिकारी भी परिवार सहित इस पुनीत कार्य में हिस्सा लिए और कन्याओं को भोजन कराया।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा पुरुषोत्तम खुशलानी पिता स्व. श्री जीवतराम खुशलानी निवासी मकान नम्बर एच.आई.जी सी-10 शैलेंद्र नगर रायपुर तहसील एवं जिला रायपुर छत्तीसगढ़ से इनके नाम पर मौजा मंगला प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. सरकंडा विकास खण्ड बिल्हा तहसील एवं जिला बिलासपुर स्थित भूमि का खसरा नम्बर 1035/1 रकबा 25900 वर्गफुट में से 16000 वर्गफुट भूमि खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है इस बाबत् यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 10 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना जाने।

भवदीय- मोहम्मद असलम
आरिफ पिता मोहम्मद सलीम
निवासी शिवशंकर प्रोविजन स्टोर्स के पास गंगा नगर फेस-02 मंगला बिलासपुर, मो. 9893645316, 9303078580

### समक्ष नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**शपथ**

मैं श्रद्धानंद पाण्डेय उम्र-55 वर्ष पिता श्री सत्यनारायण पाण्डेय, निवासी-शुभम विहार बिलासपुर, छ.ग. का हूँ जो कि शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन व्यक्त करता है। 1. यह कि मेरा नाम श्रद्धानंद पाण्डेय है तथा मेरे पिता का पूरा नाम श्री सत्यनारायण पाण्डेय है। 2. यह कि मेरे आधार कार्ड मे, पेन कार्ड में, मेरे शासकीय सेवारत विभागीय रिकार्ड में / समस्त दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम पूर्ण व सही नाम सत्य नारायण पाण्डेय दर्ज है। जो कि सही है। 3. यह कि मेरे कक्षा दसवी एवं बारहवी की अंकसूची में मेरे पिता का नाम सत्य नारायण लिखा हुआ है, सरनेम पाण्डेय नही लिखा है। उपरोक्त सत्य नारायण पाण्डेय एवं सत्य नारायण एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे पिताजी का ही नाम है। उक्त कथन में यह शपथ पत्र क्षेत्र प्रस्तुत कर कर रहा हूँ। मेरे नाम से जारी पासपोर्ट में मेरे पिता का पूरा नाम सत्य नारायण पाण्डेय दर्ज किया जावे। अतः यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा है।

शपथकर्ता श्रद्धानंद पाण्डेय

-:: सत्यापन ::-

मैं श्रद्धानंद पाण्डेय सत्यापित करता हूँ कि क्रं. 1 से 3 तक मेरे ज्ञान से सत्य है। आज दि. 25/03/2026 को बिलासपुर मे सत्यापित कर रहा हूं।

शपथकर्ता श्रद्धानंद पाण्डेय

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पेण्ड्रारोड, जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

// ईश्तहार //

क्रमांक क/अ.वि.अ./री-1/2025
पेण्ड्रारोड दिनांक 24/03/2026

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमृतलाल अग्रवाल पिता स्व. श्री भगवानदास अग्रवाल, निवासी ग्राम पेण्ड्रा तहसील पेण्ड्रा, जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम पेण्ड्रा स्थित भूमि ख.नं. 696/1, 697/2 रकबा 0.72 ए. एवं 0.68 ए. राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर दर्ज रही है। उक्त भूमि ख.नं. 696/1 रकबा 0.72 एकड़ तथा ख.नं. 697/2 रकबा 0.68 एकड़ में से अंश रकबा 0.12 एकड़ को पेण्ड्रा गौरेला मुख्य मार्ग के किनारे कृपाराम पेट्रोल पंप के बाजू से लेकर वेयर हाउस एवं जी.ए.डी. क्वार्टर जाने वाले मार्ग के लिए शासन की ओर से सड़क निर्माण हेतु अधिग्रहण कर लिया गया था, अधिग्रहण भूमि के एवज में मुआवजा स्वरूप भूमि के बदले भूमि प्रदान किये जाने हेतु तत्कालीन भूमि अधिग्रहणकर्ता अधिकारी द्वारा कहा गया था। आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज भूमि ख.नं. 696/1 रकबा 0.72 एकड़ में से अंश रकबा 0.12 एकड़ तथा ख.नं. 697/2 रकबा 0.68 एकड़ में से अंश रकबा 0.12 एकड़ तत्कालीन भूमि अधिग्रहणकर्ता अधिकारी द्वारा अधिग्रहित की गई भूमि के बदले समान कीमत की ग्राम पेण्ड्रा स्थित भूमि ख.नं. 724/1 कुल रकबा 2.3120 हे. में से 0.24 एकड़ (971.6 वर्गमीटर) भूमि को आवेदक अमृतलाल अग्रवाल पिता स्व. श्री भगवानदास अग्रवाल, निवासी ग्राम पेण्ड्रा तहसील पेण्ड्रा, जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग.) के संबंध में भूमि आबंटन किया जाना प्रस्तावित है। आवेदित भूमि वर्तमान में महाविद्यालय शिक्षा विभाग पेण्ड्रा के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी को आपत्ति हो वह आपत्तिकर्ता अपना दावा आपत्ति सात दिवस के भीतर इस न्यायालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। अन्यथा निर्धारित समयावधि में आपत्ति के अभाव में प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पेण्ड्रारोड

### न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

मा.क्र./अ-6 अ/2025-26, ग्राम पेण्डारी, तहसील सकरी

प्रति,

1 अब्दुल हमीद पिता स्व. अब्दुल रशीद उम्र 47 वर्ष निवासी वार्ड नं 09, भारतीय नगर बिलासपुर, 2 श्री फनिन्द्र मिश्रा पिता श्री एम.सी. मिश्रा उम्र 52 वर्ष निवासी शिव मंदिर के पास विद्या नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

आवेदिका जलेश्वरी गेंदले उम्र 42 वर्ष पति श्री दिनेश्वर गेंदले निवासी पथरिया तहसील पथरिया तहसील पथरिया जिला मुंगेली छ.ग. के द्वारा लेख किया गया है कि ग्राम पेण्डारी प.ह.नं. 47 रा.नि.मं. पेण्डारी तहसील सकरी स्थित भूमि ख.नं. 1079/3 रकबा 925 वर्गफीट भूमि को पंजीकृत बैनामा रजिस्ट्री दिनांक 03.01.2024 को विक्रेता अब्दुल हमीद पिता स्व. अब्दुल रशीद निवासी भारतीय नगर बिलासपुर से क्रय किया गया था। यह कि उक्त भूमि में आवेदिका द्वारा आज तक नामांतरण नही कराया गया है। अतः धारा 109,110 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है।

इस संबंध में आपको आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 13/4/26 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 25/3/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार सकरी**

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सरस्वती निर्मलकर, गुणवती बाई बरेठ पिता श्री स्व.मांगन बरेठ निवासी बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर पर नाम से ग्राम बिरकोना प.ह.नं..... रा.नि.मं.कोनी तहसील व जिला बिलासपुर में खसरा क्रमांक 612, 613 रकबा 0.259, 0.312 हे. एकड़ वर्गफुट पर भूमि स्थित है, जिसे मेरे पक्षकार (1) श्री राघवेन्द्र तिवारी पिता शिव प्रसाद तिवारी (2) अमित तिवारी पिता श्री राघवेन्द्र तिवारी निवासी सरकण्डा तहसील व जिला बिलासपुर द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा करते हुए अग्रिम राशि बयाना बतौर प्रदान किये हैं। यदि उक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, संस्था व अन्य जो उक्त भूमि पर अपना हित रखता हो, को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति होगी, तब मय दस्तावेज के साथ सूचना प्रकाशन के 06/04/26 दिवस के अंदर मेरे नीचे लिखे पते पर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात की गई आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी, तथा मेरे पक्षकार उक्त भूमि के पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होंगे।

अस्तु सूचना जानें।
दिनांक: 26/03/26

रामनोहर दुबे
(अधिवक्ता /नोटरी)
स्टेट बैंक के सामने,
नया सरकंडा, बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9827173623
क्रेता: मो. 9826752944
9993864707

### छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र बिलासपुर

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास योजना मंगला बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी. 358 मूल आबंटी श्रीमती माण्डवी शुक्ला पति श्री रमाशंकर शुक्ला को आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 12.09.2013 को पंजीकृत है। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विलेख दिनांक 14.01.2024 को पंजीकृत करने के पश्चात उक्त भवन श्रीमती लता साहू, पति श्री ऋषि कुमार साहू के नाम नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है ।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्धशासकीय/संस्था आदि को इस भूखण्ड/भवन को एकल नाम पर करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नही होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र बिलासपुर

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकारा श्रीमती मनीषा मिश्रा पति श्री भूपेन्द्र मिश्रा निवासी भण्डारी प्लाट, गली नंबर 03 शिवमंदिर के पास सरकण्डा बिलासपुर छ.ग. की ओर से अधिकृत होकर प्राप्त निर्देशानुसार आम सूचना प्रकाशित करता हूँ कि भूमि स्वामी मनोज दुबे पिता स्व. श्याम लाल दुबे के हक स्वामित्व कि मकान मय भूमि मौजा सरकण्डा प.ह.नं. 32 तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित आवास गृह क्रमांक एच.आई.जी.-01 नूतन इन्केल्व आवास योजना कुल रकबा 1950 वर्गफीट है। जिसके भूतल एवं प्रथम तल पर मकान निर्मित है। का मेरी पक्षकारा से बिक्री किये जाने का पक्का सौदा कर ब्याना राशि प्राप्त कर इकरारनामा निष्पादित किया गया है।

जिस भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, समिति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज सहित 15 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा समय सीमा के पश्चात मेरे पक्षकारा अपने पक्ष में रजिस्ट्रीपत्र निष्पादित करा लेगी। समय सीमा पश्चात आपत्ति मान्य नही होगी।

सो सूचना जाने
दिनांक :- 25.03.2026

**भवदीय**
**रूपेश सदाफले**
**अधिवक्ता,मकान नंबर-बी-46, चौबे कालोनी बंधवापारा जिला बिलासपुर (छ.ग.) मो.9981313186**

### न्यायालय श्रीमान तहसीलदार महोदय बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**ज्ञापन**

क्रमांक क/1253/वाचक-1/तह./20
बोदरी, दिनांक : 19/3/26

प्रति,
1- प.ह.नं..02.रा.नि.मं.बोदरी 2-राजस्व निरिक्षक बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग.

विषय:- सीमांकन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने बाबत।

आवेदक/आवेदिका हरदीप सिंह होरा आ. सरदार महेन्द्र सिंह जाति पंजाबी निवासी ग्राम दयालबंद तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर के द्वारा ग्राम नगपुरा प.ह.नं. 02, रा.नि.मं. बोदरी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 300/1 रकबा 0.0280 हे. एकड़ भूमि का सीमांकन किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है

आवेदक द्वारा आवेदन में प्रस्तुत चौहद्दी विवरण निम्नानुसार है। दिशा-उत्तर-भूमि स्वामी का नाम-कुशल की भूमि, दिशा-दक्षिण-भूमि स्वामी का नाम-देवानंद वगै. की भूमि, दिशा-पूर्व रोड, दिशा-पश्चिम-भूमि स्वामी का नाम दासी की भूमि ।

अतः उपरोक्त वर्णित भूमि का सीमांकन कर प्रतिवेदन इस कार्यालय को दिनांक 6/4/26 को मय नक्शा, खसरा, बी-1 पंचनामा फीड, बुक सहित प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

आवेदक का मोबाइल नं.-9893426260

**तहसीलदार बोदरी,**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

### न्यायालय तहसीलदार कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**// फर्द प्रकाशन //**

क्र./तह./वा./Q/2026
कोटा, दिनांक- 20/03/2026

एतद् द्वारा ग्राम मोहदी, तहसील कोटा के सर्वसाधारण जनता एवं हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि द्वारा मौजा मोहदी प.ह.नं 15, तहसील कोटा जिला-बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं.22/1, 23/2, 45, 197/1 रकबा 0.2550, 0.0320, 0.1620, 0.0530 हे. भूमि आवेदकगण के नाम पर शामिलात खाते में भूमि स्थिति है। आवेदक उक्त वाद भूमि का बराबर-बराबर हिस्से में खाता विभाजन कराने हेतु अंतर्गत धारा 178 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया। जिसमे संबंध में हल्का पटवारी के द्वारा अंश किस्म के आधार पर 1/7 भाग में फर्द बंटवारा प्रस्तुत किया गया है।

अतः हल्का पटवारी के द्वारा प्रस्तुत फर्द बंटवारा में कोई दावा/आपत्ति हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 27/03/2026 को सुबह 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात कोई दावा/आपत्ति स्वीकार नही किये जावेंगे।

आज दिनांक 20/03/2026 को मेरे पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
संलग्न- फर्द बंटवारा सूची।

**ना.तहसीलदार**
**कोटा**

### न्यायालय तहसीलदार कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**// फर्द प्रकाशन //**

क्र./तह./वा./Q/2026
कोटा, दिनांक- 20/03/2026

एतद् द्वारा ग्राम गोबरीपाट, तहसील कोटा के सर्वसाधारण जनता एवं हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि द्वारा मौजा गोबरीपाट प.ह.नं 15, तहसील कोटा जिला-बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि ख0नं0 43, 82, 398/5 रकबा 0.1380, 0.2910, 0.0440 हे0 भूमि आवेदक एवं अनावेदकगण के नाम पर शामिलात खाते की भूमि स्थिति है। आवेदक उक्त वाद भूमि का बराबर-बराबर 1/7 भाग में खाता विभाजन कराने हेतु अंतर्गत धारा 178 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया। जिसमे संबंध में हल्का पटवारी के द्वारा अंश किस्म के आधार पर 1/7 भाग में फर्द बंटवारा प्रस्तुत किया गया है।

अतः हल्का पटवारी के द्वारा प्रस्तुत फर्द बंटवारा मे कोई दावा/आपत्ति हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक- 27/03/2026 को सुबह 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात कोई दावा/आपत्ति स्वीकार नही किये जावेंगे।

आज दिनांक 20/03/2026 को मेरे पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
संलग्न- फर्द बंटवारा सूची।

**ना.तहसीलदार**
**कोटा**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 26 मार्च 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




# रामलला दर्शन योजना से लोगों का हो रहा सपना साकार





अयोध्या धाम के लिए 1008 श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

केंद्रीय राज्यमंत्री, डिप्टी सीएम ने बस को दिखाई हरी झंडी

**रामलला दर्शन योजना एवं सामाजिक पहल के तहत 1008 श्रद्धालुओं का जत्था बुधवार को अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने पुलिस परेड मैदान में श्रद्धालुओं की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मंत्री श्री दुबे ने कहा कि रामलला दर्शन योजना से हजारों लोगों का सपना साकार हो रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केंद्रीय राज्य मंत्री श्री दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार रामलला दर्शन योजना के माध्यम से एक पुनीत कार्य कर रही है। इस योजना से हजारों श्रद्धालु पवित्र अयोध्या धाम जाकर भगवान श्रीराम के दर्शन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रवीण झा जैसे समाजसेवियों के प्रयास से लोगों के सपनों को साकार होने का अवसर मिल रहा है।

इस अवसर पर विधायक धर्मजीत सिंह तखतपुर, अटल श्रीवास्तव कोटा, सुशांत शुक्ला बेलतरा, महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, समाज सेवी व यात्रा के संयोजक प्रवीण झा, जिलाध्यक्ष दीपक सिंह आदि मौजूद थे।

### हर श्रद्धालु के चेहरे पर आनंद की झलक : साव

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि रामलला के दर्शन का यह अवसर सदियों के संघर्ष के बाद मिला है। राज्य सरकार की यह पहल आमजन को आस्था से जोड़ने का माध्यम बन रही है। आज हर श्रद्धालु के चेहरे पर आस्था और आनंद झलक रहा है। उन्होंने श्रद्धालुओं को सुखद, सुरक्षित और मंगलमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी।

### हजारों श्रद्धालु हो चुके हैं लाभान्वित : कौशिक

विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित रामलला दर्शन योजना से अब तक हजारों श्रद्धालु लाभान्वित हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना विशेष रूप से उन लोगों के लिए उपयोगी है, जो स्वयं अपने खर्च से यात्रा करने में सक्षम नहीं हैं। उन्होंने प्रवीण झा द्वारा श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम ले जाने की पहल की सराहना की। जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए उनकी सुखद एवं सुरक्षित यात्रा की कामना की।

### प्रदेश सरकार की है सराहनीय पहल : अमर

नगर विधायक अमर अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि रामलला दर्शन योजना प्रदेश सरकार की एक सराहनीय पहल है। इसके जरिए लोगों को अयोध्या धाम जाकर भगवान श्रीराम के दर्शन का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल यात्रा बल्कि आस्था और संस्कृति से जुड़ने का माध्यम है।

# सप्तमी पर महामाया का दर्शन करने उमड़ी पदयात्रियों की भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के काली मंदिर तिफरा, शीतला मंदिर लिंक रोड तिराहा सहित अन्य सभी देवी मंदिरों में बुधवार को सप्तमी पर विशेष पूजन कर आरती की गई। कुछ संगठनों ने कन्या भोजन भी कराया। शाम को श्रद्धालु भक्त महामाया रतनपुर का दर्शन करने पैदल यात्रा की।

शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में नवरात्रि श्रद्धा व उत्साह से मनाई जा रही है। सभी देवी मंदिरों में कलश का प्रज्वलन कर हर दिन देवी मां का विशेष श्रृंगार कर पूजा की जा रही है। वहीं हर दिन श्रद्धालु भक्तों की भीड़ भी देखी जा रही है। बुधवार को सप्तमी पर लोग पैदल यात्रा कर रतनपुर पहुंचे एवं मां महामाया का दर्शन किए। इसमें शहर के अलावा आसपास गांव के लोग भी शामिल रहे। इससे रतनपुर मार्ग में रात भर रौनक बनी रही। श्रद्धालुओं की भीड़ आने की संभावना को देखते हुए रतनपुर महामाया मंदिर का पट रात भर खुला रहा। पदयात्रियों की वापसी के लिए बसों की व्यवस्था की गई थी। वहीं सुरक्षा व यातायात की पुख्ता व्यवस्था रही। बताया जा रहा है कि इस बार ड्रोन कैमरों से श्रद्धालुओं की सुरक्षा की गई। भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहा। पर्याप्त पुलिस व यातायात बल तैनात रहे। पैदल यात्रियों के लिए जगह-जगह स्टाल लगा कर फल, शरबत, खिचड़ी का वितरण किया जाता रहा।





### सप्तमी पर विशेष पूजन

सार्वजनिक मरही माई ज्योति कलश समिति बापू उपनगर में सप्तमी पर विशेष पूजन किया गया। समिति के अध्यक्ष सुजीत बेरिया डोमार ने बताया कि माता का नवरात्रि के नौं दिनों तक पूजा की जाती है। यहां दूर-दूर से भक्त माता का दर्शन करने यहां पहुंचते है।

### महागौरी पूजा आज

चैत्र नवरात्रि की महा अष्टमी 26 मार्च गुरुवार को मनाई जाएगी। अष्टमी तिथि 25 मार्च को दोपहर 1:50 बजे से शुरू होकर 26 मार्च की सुबह 11:48 बजे तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार इस दिन मां महागौरी की पूजा और कन्या पूजन करना शुभ माना जाता है। मां महागौरी देवी का आठवां स्वरूप है। 26 मार्च को कन्या पूजन के लिए सुबह 10:56 से दोपहर 2:01 के बीच बेहतर समय रहेगा।



# माँ की आराधना से भय होता है समाप्त

सरकण्डा स्थित श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में चल रहे चैत्र वासंतिक नवरात्र के पावन उपलक्ष्य में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ अपने सातवें सोपान में अत्यंत दिव्य और ऊर्जावान रहा।

पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज के संरक्षण में चल रहे इस अनुष्ठान में आज सुप्रसिद्ध कथावाचक आचार्य मुरारीलाल त्रिपाठी 'राजपुरोहित' ने माँ कालरात्रि के स्वरूप, चण्ड-मुण्ड और शुंभ-निशुंभ वध के प्रसंगों का सविस्तार वर्णन किया। कथा की शुरुआत मंगलाचरण और पीठाधीश्वर के दिव्य सानिध्य में हुई। आचार्य मुरारीलाल त्रिपाठी ने व्यासपीठ से उद्घोष किया कि सप्तम सोपान 'कालरात्रि' का है। यह वह शक्ति है जो काल का भी भक्षण कर लेती है।

आचार्य ने बताया कि जब राक्षसों का उत्पात अत्यधिक बढ़ गया, तब भगवती ने अपने तेज से अत्यंत विकराल रूप धारण किया। माँ का वर्ण अंधकार के समान काला है, बाल बिखरे हुए हैं और गले में विद्युत की माला है। यह स्वरूप देखने में भयानक अवश्य है, परंतु भक्तों के लिए अत्यंत शुभकारी है, इसीलिए इन्हें 'शुभंकरी' भी कहा जाता है। माँ कालरात्रि भक्त के भीतर के अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाकर ज्ञान की ज्योति प्रज्वलित करती हैं। उनकी उपासना से साधक का भय समाप्त हो जाता है और वह परम निर्भयता को प्राप्त करता है।



### विवेक और वैराग्य का संगम

पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज का आशीर्वचन प्रवचन के मध्य में पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमद् देवी भागवत का सातवां दिन 'विवेक और वैराग्य' का संगम है। शुंभ और निशुंभ मात्र राक्षस नहीं थे, वे 'ममत्व' और 'अहंकार' के प्रतीक थे। जब तक मनुष्य के भीतर से 'मैं' और 'मेरा' का भाव समाप्त नहीं होगा, तब तक उसे परमात्मा का साक्षात्कार नहीं हो सकता।

**कार्यक्रम**

## नृत्य, संगीत, एकल गायन, कविता पाठ समेत अनेक प्रस्तुतियां



**बिलासपुर।** डीएलएस महाविद्यालय के बीएड विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम "निकेतन -26" का आयोजन भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। समारोह की मुख्य अतिथि चेयरमैन निशा बसंत शर्मा रहीं, अध्यक्षता प्राचार्य डॉ प्रताप पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि सीईओ राकेश दीक्षित व सचिव उमेश जाधव रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। छात्र-छात्राओं ने संयुक्त रूप से रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। गणेश वंदना, नवदुर्गा नृत्य, लोक एवं सांस्कृतिक गीत, कुड़ुख नृत्य, संगीत, एकल गायन, कविता पाठ समेत अनेक प्रस्तुतियों ने दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। विशेष आकर्षण छत्तीसगढ़ी लोकजीवन पर आधारित विवाह प्रसंगों की नाट्य प्रस्तुति रही। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ प्रताप पाण्डेय ने युवाओं से दहेज रहित विवाह करने का आह्वान किया। युवाओं ने दहेज रहित विवाह करने हेतु शपथ भी ली। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. क्षमा त्रिपाठी कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सुष्मिता मिश्रा, डॉ अर्चना तिवारी, डॉ मुक्ता कुमारी, रसिका लोणकर, तुलिका दुबे का विशेष सहयोग रहा।

**आयोजन**

## स्पेशल बच्चों के लिए नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन




**बिलासपुर।** श्री स्पेशल केयर सेंटर में वर्ल्ड ओपटोमेटरी डे के अवसर पर आशीर्वाद नेत्र चिकित्सालय द्वारा विशेष बच्चों के लिए निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य बच्चों की आंखों की समय पर जांच कर उनकी दृष्टि से जुड़ी समस्याओं को पहचानना और उचित मार्गदर्शन प्रदान करना था। इस अवसर पर संस्था की संस्थापिका डॉक्टर सुजाता वाजपेई ने बताया कि स्पेशल बच्चों की आंखों का विशेष रूप से ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक होता है, क्योंकि कई बार वे अपनी समस्या स्पष्ट रूप से व्यक्त नहीं कर पाते। समय-समय पर जांच से उनकी सीखने की क्षमता और दैनिक जीवन में सुधार किया जा सकता है। स्कूल की प्राचार्य शिवानी विठालकर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर बच्चों के समग्र विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने आशीर्वाद नेत्र चिकित्सालय की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयास बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सहायक सिद्ध होते हैं।

**प्रेसवार्ता**

## रामनवमीं पर शोभायात्रा 28 को की जा रही भव्य तैयारी



**बिलासपुर।** शिवसेना द्वारा राजधानी रायपुर में 28 मार्च को शिवसेना के प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के नेतृत्व में भव्य रामनवमीं शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। वहीं 8 अप्रैल को बिलासपुर, मस्तूरी में भी शोभायात्रा का आयोजन होगा। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, धार्मिक ध्वज, भजन-कीर्तन और पारंपरिक वेशभूषा में शामिल श्रद्धालु विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। शिव सेना के प्रदेश सचिव संतोष कौशल, प्रदेश उपाध्यक्ष धनंजय सिंह चौहान एवं जिला अध्यक्ष मुकेश देवांगन के नेतृत्व में बिलासपुर में इस आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। पदाधिकारियों द्वारा लगातार बैठकें आयोजित कर व्यवस्था की समीक्षा की जा रही है। प्रदेश सचिव संतोष कौशल ने कहा कि रामनवमीं शोभा यात्रा केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हिंदू समाज की आस्था और एकजुटता का प्रतीक है। उन्होंने सभी हिंदू माता-बहनों, युवाओं और नागरिकों से अपील की है कि वे अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाएं और समाज में भाईचारे तथा सद्भाव का संदेश दें। जिलाध्यक्ष मुकेश देवांगन ने कहा कि प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार ने ही इस परंपरा को आगे बढ़ाने का कार्य किया। उनके प्रयास से आज यह शोभायात्रा प्रदेश में एक बड़े धार्मिक आयोजन के रूप में स्थापित हो चुकी है।

**जागरूकता**

## स्वयंसेवकों को नेत्रदान के प्रति जागरूक रहने किया गया प्रेरित



**बिलासपुर।** डी.पी. विप्र विधि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस एक गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें मुख्य अतिथि रासेयो अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के सलाहकार समिति की सदस्य रेखा गुल्ला ने स्वयंसेवकों को इस नेत्रदान के प्रति जागरूक रहने प्रेरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी प्रो. टीआर. पटेल के स्वागत उद्बोधन से हुआ। अतिथि श्रीमती गुल्ला ने नेत्रदान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्री-आरडी चयन प्रक्रिया एवं उसके महत्व की भी जानकारी दी। सक्षम फाउंडेशन के उपाध्यक्ष एमएम. गुल्ला ने सड़क सुरक्षा को लेकर चर्चा की एवं यातायात नियमों के पालन, हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग एवं अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के उद्देश्यों एवं उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। धनेश रजक ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य, कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों को समाज सेवा के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया।

**स्पोर्टर्स न्यूज**

## एथलेटिक्स में राहुल ने जीता कांस्य



नेशनल इंडोर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रदेश के खिलाड़ी राहुल कुमार वर्मा ने तीसरा स्थान अर्जित कर कांस्य पदक प्राप्त किया है।

प्रदेश एथलेटिक्स संघ के संयुक्त सचिव और प्रवक्ता हेमंत सिंह परिहार ने बताया कि ओड़िशा भुवनेश्वर में प्रथम राष्ट्रीय इंडोर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का आयोजन 24 और 25 मार्च को किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ की टीम के खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया था। प्रदेश की टीम से खेलते हुए 3000 किलोमीटर की दौड़ में राहुल कुमार वर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इससे पहले राहुल ने जूनियर राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया था।



## डिपार्टमेंटल प्रीमियर लीग आज से

**बिलासपुर।** डिपार्टमेंटल प्रीमियर लीग सीजन 4 का आयोजन 26 मार्च की शाम 4 बजे गांधी चौक स्थित मिनी स्टेडियम में किया जाएगा।

26 मार्च से 5 अप्रैल तक चलने वाली प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल, अध्यक्षता महापौर पूजा विधानी, विशिष्ट अतिथि धीरेन्द्र बाजपेयी, अजय श्रीवास्तव, श्रवण श्रीवास्तव, डॉ. पलक जायसवाल होंगे। आयोजन समिति के सदस्य अख्तर खान ने बताया कि इस बार की प्रतियोगिता पिछले तीन सीजन की तुलना में अधिक भव्य और रोमांचक होगी। मिनी स्टेडियम में बैठने की उचित व्यवस्था, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और फ्लड लाइट की व्यवस्था है। इसमें विभिन्न सरकारी और निजी विभाग की टीम हिस्सा ले रही है। प्रतियोगिता के लिए सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।

## ट्रायबल गेम में अनुष्का ने जीता सिल्वर



खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स में बिलासपुर की अनुष्का भगत ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया है।

कोच हेमंत सिंह परिहार ने बताया कि खेलो इंडिया ट्रायल गेम्स का आयोजन रायपुर में 25 से 28 मार्च तक किया जा रहा है, जिसमें बिलासपुर की टीम के खिलाड़ी भी हिस्सा ले रहे हैं। बुधवार को तैराकी प्रतियोगिता के 100 मीटर बेस्ट स्ट्रोक में बिलासपुर की ओर से खिलाड़ी अनुष्का भगत ने रजत पदक प्राप्त किया है। अनुष्का को बद्री प्रसाद गुर्जर, सतीश सिंह ठाकुर, अमरनाथ सिंह, संतोष पाल, शंकर पांडे, राजेश साहू, बीएस यादव, देवेन्द्र सिंह सागर, विनय, दिनेश व अन्य पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

**खबर संक्षेप**

### नर्सिंग कालेज के चौकीदार की मौत

**बिलासपुर।** नर्सिंग कालेज के चौकीदार की अचानक तबिय खराब हुई, वे उल्टी करने के बाद बेहोश हो गए। उन्हें इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है। सिविल लाइन थाना के प्रधान आरक्षक विजयदीप त्रिपाठी ने बताया, मस्तूरी लटियापारा निवासी संतोषी सारथी पिता स्व. थानू सारथी 55 साल मगरपारा स्थित महादेव नर्सिंग कालेज में चौकीदारी करते थे। बुधवार की सुबह कालेज में ड्यूटी कर रहे थे। सुबह 10.30 बजे अचानक उनकी तबियत खराब हो गई और उल्टी करने के बाद बेहोश हो गए। कालेज के कर्मचारी उन्हें इलाज के लिए सिम्स लेकर गए। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### पान दुकान में चोरी करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पान दुकान में चोरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, रिंग रोड टू स्थित एक पान ठेला व जरहाभाठा स्थित एक पान ठेला से चोरी कर ली गई थी। पतासाजी के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि दो युवक जरहाभाठा मिनीबस्ती में सस्ते में पान मसाला का सामान बेचने ग्राहक खोज रहे हैं। पुलिस ने मौके से मानस उर्फ सोनू सिंह पिता अश्वनी सिंह ओमनगर जरहाभाठा, अविनाश रात्रे उर्फ बंटी पिता राजेश रात्रे 19 साल जरहाभाठा शिवनाथ मार्ग निवासी को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर दोनों ने दोनों पान ठेला में चोरी करना स्वीकार कर लिया है। उनके पास से चोरी का सामान जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### पकड़ा गया मोबाइल चोर

**बिलासपुर।** आरपीएफ की टास्क टीम ने स्टेशन में पेट्रोलिंग के दौरान



एक मोबाइल चोर को पकड़कर जीआरपी के सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार आरपीएफ निरीक्षक नंद बहादुर के निर्देश पर टास्क टीम 1 के प्रभारी उपनिरीक्षक डीके सिंह व अन्य स्टाफ स्टेशन में गश्त कर रहे थे थे। इस दौरान एक व्यक्ति प्लेटफार्म नम्बर एक हावड़ा छोर पर संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। पूछताछ और जांच में अटल आवास तोरवा निवासी राज श्रीवास पिता जीवराखन श्रीवास 25 साल के पास से मोबाइल मिला, जिसे उसने ट्रेन से चोरी करने की जानकारी दी। पूछताछ कने के बाद मोबाइल चोर को अग्रिम कार्रवाई के लिए जीआरपी के सुपर्द कर दिया गया, जहां उसके खिलाफ धारा 305 (सी) के तहत कार्रवाई की गई है।

### पेड़ पर युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** घर की छत के ऊपर आम के पेड़ में युवक ने फांसी



लगाकर खुदकुशी कर ली है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। सिविल लाइन थाना के प्रधान आरक्षक विजयदीप त्रिपाठी ने बताया कि मंगला धूरीपारा निवासी अरविंद पटेल पिता राजेश पटेल 16 साल कक्षा नवमीं की पढ़ाई कर रहा था। एक पेपर देकर अन्य पेपर नहीं दिया था। वह घूमंतू प्रवृत्ति का था। बुधवार की सुबह घरवाले छत में गए तो उसकी आम के पेड़ में फांसी पर लटकी लाश दिखी।

# एक करोड़ 15 लाख टैक्स बकाया, 25 बकायादारों की संपत्ति कुर्क करेगा नगर निगम

**बिलासपुर।** नगर निगम को शहर के 25 बड़े बकायादारों ने लगभग एक करोड़ 15 लाख रुपए संपत्ति कर का भुगतान नहीं किया है। निगम ने इनकी सूची जारी करते हुए सभी बकायादारों को समय पर संपत्तिकर का भुगतान नहीं करने पर संपत्ति कुर्क करने की चेतावनी दी है। वहीं संपत्तिकर वसूलने शिविर और घरों में नोटिस भी चस्पा किया जा रहा है।

**वर्षों से नहीं किया संपति कर का भुगतान**

शहर में विकास कार्य कराने और नागरिकों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम के पास राजस्व एक मुख्य और महत्वपूर्ण जरिया है,जिसके माध्यम से नगर निगम सड़क,पानी,बिजली साफ-सफाई जैसी आवश्यक कार्यों का निष्पादन करता है और राजस्व निगम को कर के द्वारा मिलती है पर शहर के कई ऐसे लोग,जिन्होंने सालों से संपत्ति कर नहीं पटाया है,इनकी सूची काफी लंबी है, जिन्हें नोटिस दिया जा रहा है । कुछ तो ऐसे बड़े बकायादार हैं, जिनका लगभग लाखों बकाया है। कुछ ऐसे हैं जिन्होंने वर्ष 2016 से कर का भुगतान नहीं किया है। निगम द्वारा संपत्तिकर नहीं पटाने वालों को नोटिस जारी किया गया है,जिनमें 25 ऐसे बड़े बकायादार है जिन्होंने कई सालों से कर नहीं पटाया है, जिन्हें नोटिस जारी कर अंतिम सूचना दी गई है। इसमें कहा गया है की एक माह के भीतर संपत्तिकर जमा नहीं करने पर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 175 के तहत कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

### घरों में दिया जा रहा है नोटिस

नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे के निर्देश पर राजस्व वसूली के लिए सभी जोन क्षेत्रों में शिविर लगाया जा रहा है। साथ ही सभी वार्डों में मुनादी के ज़रिए सूचना भी दी जा रही है। संपत्ति समेत अन्य कर नहीं पटाने वाले बकायादारों के घरों पर नोटिस दिया जा रहा है,इसके अलावा घरों पर नोटिस भी चस्पा किया जा रहा है। नोटिस में बकाया कर का विवरण उल्लेखित है, इसके अलावा नगर निगम ने सभी करदाताओं से 31 मार्च के पूर्व कर के भुगतान की अपील की है।

### ये हैं 25 बड़े बकायादार

बिहारी चित्र मंदिर, 9 लाख 98 हजार 6 सौ 24, सुरेंद्र सिंह कछवाहा एवं अन्य तीन, 9 लाख 49 हजार 2 सौ 91, गुरूचरण सिंह गुंबर,9 लाख 1 हजार 5 सौ 67, अरूण कुमार अग्रवाल, नारायण दास अग्रवाल,8 लाख 43 हजार 9 सौ, कर्नल एकेडमी,8 लाख 29 हजार 50, राजेंद्र सिंह गुंबर, 7 लाख 36 हजार 7 सौ 92, राजश्री हुमने, 5 लाख 87 हजार 8 सौ 7, नवरीन अहमद, 5 लाख 67 हजार 2 सौ 73 , परमजीत कौर गुंबर, 4 लाख 84 हजार 2 सौ 93, रत्नीदेवी सुल्तानिस 4 लाख 41 हजार 8 सौ 64 , सावित्री बाई,4 लाख 28 हजार 3 सौ 17, लखमीत टुटेजा, 4 लाख 27 हजार 8 सौ, लक्ष्मी टुटेजा 4 लाख,27 हजार 7 सौ 75, आनंद कुमार बत्रा,पायल बत्रा,3 लाख 74 हजार 7 सौ 75,कन्हैया लाल केशरवानी,3 लाख 57 हजार 5 सौ 22, शीला कछवाहा, 2 लाख 91 हजार , बृजेश कछवाहा, 2 लाख 42 हजार 2 सौ 22, रश्मि गुप्ता,2 लाख 35 हजार 2 सौ 14,अशोक टुटेजा, 2 लाख 29 हजार 44, कमला बाई,2 लाख 10 हजार 7 सौ 22, सुरेन्द्र नाथ पाण्डेय,अजय पाण्डेय,स्मिता अवस्थी, 2 लाख 5 हजार, विशाल ठारवानी 1 लाख 97 हजार 6 सौ 74।

### राजकिशोर नगर में साढ़े तीस करोड़ की लागत से बननी है सड़क व नाली

# विद्युत पोल की नहीं की शिफ्टिंग, सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू नहीं हो सका







**एमआईसी में रखा गया था मामला**

यह कार्य सड़क चौड़ीकरण के स्वीकृत राशि 417.15 लाख रुपए के अंतर की राशि 63.47 लाख रुपए से कराए जाने के लिए शासन को सक्षम स्वीकृति उपरांत किया जाना है। लेकिन कार्य की आवश्यकता को देखते हुए सुपरविजन चार्ज 1 लाख 49 हजार राशि का भुगतान सामान्य मद से किए तथा 63. 47 लाख राशि का टेंडर आंमत्रित किए जाने का मामला एमआईसी में रखा गया था, जिसे एमआईसी ने मंजूरी दे दी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत राजकिशोरनगर बजरंग चौक से शनि मंदिर चौक तक सड़क व नाली निर्माण के लिए टेंडर कर दिया है, लेकिन सड़क चौड़ीकरण में विद्युत पोल बाधा बना हुआ है। पोल शिफ्टिंग नहीं हो पाने के कारण इस सड़क का काम शुरू नहीं हो पाया है।

नगर निगम को राजकिशोर नगर बजरंग चौक से शनि मंदिर चौक तक सड़क चौड़ीकरण के लिए अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृति मिली है। इसके लिए नगर निगम द्वारा टेंडर मंगाया गया था और लगभग साढ़े करोड़ राशि का टेंडर भी कर दिया गया है। टेंडर के बाद संबंधित ठेकेदार को वर्क आर्डर भी जारी कर दिया गया है, लेकिन इस सड़क चौड़ीकरण कार्य में विद्युत लाइन बाधा बना हुआ है। विद्युत लाइन के कारण सड़क का काम प्रारंभ नहीं हो पाया है। सड़क चौड़ीकरण एलटी लाइन विद्युत पोल सहित 11 केवी ट्रांसफार्मर को शिफ्ट करना पड़ेगा, उसके बाद ही काम चालू हो पाएगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा लगभग 63 लाख का प्राक्लन एवं ढाई प्रतिशत सुपरविजन चार्ज लगभग 1 लाख 49 हजार रुपए का डिमांड नगर निगम को भेजा गया है। यह राशि जमा करने के बाद राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अनुमति दी जाएगी, उसके बाद ही सड़क चौड़ीकरण एवं नाली निर्माण कार्य चालू होगा।

### पैसा नहीं जमा किया गया था

राजकिशोर नगर बजरंग चौक से लेकर शनि मंदिर तक सड़क निर्माण का कार्य नगर निगम को करना है। यहां की बिजली शिफ्टिंग के लिए नगर निगम को राशि जमा करना था, जिसे बुधवार को किया गया है। वर्क आर्डर व इस्टीमेट सहित अन्य कार्य अब नगर निगम ही करेगी।

-एचके चंद्रा
कार्यपालन यंत्री
तोरवा नगर संभाग



# अवैध उत्खनन-परिवहन मामले में 14 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- छापामार अभियान में धरे गए खनिज चोर
- एक जेसीबी, तीन हाइवा व 10 ट्रैक्टर ट्राली जब्त

खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एंव भण्डारण करने वालों के खिलाफ बीते तीन दिनों में बड़ी कार्रवाई की गई है। इसके अंतर्गत खनिज अमला द्वारा काठाकोनी, देवरीखुर्द, खम्हरिया, सकरी, निरतु, सेंदरी, मंगला, तुरकाडीह, लोखंडी, लोफण्डी, दर्रीघाट, लावर, जयरामनगर कोटा, करही कछार, पहन्दा क्षेत्र में आकस्मिक जाँच की गयी। जिसमें अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विभिन्न मामलों में चौदह वाहनों की जब्ती की गई है।

खनिज विभाग द्वारा सूचना के आधार पर 23 मार्च से विभिन्न स्थानों पर छापामार अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत खम्हरिया क्षेत्र से खनिज मिट्टी का अवैध उत्खनन करते एक जेसीबी व एक ट्रैक्टर ट्राली जब्त किया गया। टीम के द्वारा सकरी क्षेत्र से खनिज मिट्टी ईट का अवैध परिवहन करते 02 ट्रैक्टर ट्राली जब्त किया गया। इसी तरह जयरामनगर क्षेत्र से खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते तीन हाइवा व एक ट्रैक्टर ट्राली वाहन को जब्त किया गया। छापामार कार्रवाई के अंतर्गत



### जारी रहेगी कार्रवाई

शहर के आसपास विभिन्न स्थानों पर खनिज विभाग की टीम ने बीते कुछ दिनों में लगातार छापामार कार्रवाई की है। इसके अंतर्गत खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन व भण्डारण के विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए पर चौदह वाहनों की जब्ती कर थानों के सुपुर्द किया गया है। खनिज विभाग की यह कार्रवाई अभी लगातार जारी रहेगी।

-किशोर कुमार गोलघाटे
उपसंचालक खनिज

खनिज विभाग की टीम ने सेंदरी क्षेत्र से खनिज रेत का अवैध परिवहन करते 03 ट्रेक्टर ट्राली को जब्त किया गया। करही कछार क्षेत्र से खनिज रेत का अवैध परिवहन करते 01 ट्रेक्टर ट्राली को जप्त किया गया। पहँदा क्षेत्र से खनिज रेत का अवैध परिवहन करते 01 ट्रेक्टर ट्राली को जप्त किया गया। इसी तरह लोफंदी क्षेत्र से खनिज रेत का अवैध परिवहन करते 01 ट्रेक्टर ट्राली को जब्त किया गया। इस प्रकार जब्त कुल 14 वाहनों को पुलिस थाना कोनी, कोटा, पुलिस सहायता केंद्र केंदा व जाँच चौकी लावर की अभिरक्षा मे रखा गया है।

## अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी, ठगी

**बिलासपुर।** अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर डेढ़ लाख की ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने नोएडा से गिरफ्तार कर



लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, 28 अगस्त 2025 को सुनील कुमार सूर्यवंशी ने रिपोर्ट लिखाई। अज्ञात मोबाइलधारक के द्वारा अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देकर 1 लाख 50 हजार 400 रुपए धोखाधड़ी कर ली गई। पुलिस उनकी रिपोर्ट पर अपराध कायम कर जांच में जुट गई थी। साइबर सेल से तकनीकी साक्ष्य लेकर टीआई अभय सिंह बैस स्टाप के साथ उत्तर प्रदेश नोएडा गए। उसके बाद पतासाजी कर नोएडा फरीदपुर निवासी गुरजीत कुमार पिता सोमप्रकाश 21 साल को पकड़ लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने ठगी करना स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 318, 4, 66 डी आईटी एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## अंगूठी व नकद लेकर व्यापारी को थमाया नकली ब्रेसलेट

**बिलासपुर।** एक युवक शहर के सराफा व्यापारी को नकली सोने का ब्रेसलेट थमाकर असली सोने की चेन अंगूठी व शेष रकम लेकर रफूचक्कर हो गया है। पुलिस अपराध कायम कर युवक की पतासाजी में जुट गई है। कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया, मध्यनगरी चौक सहगल गली निवासी राजेश सोनी पिता स्व. ताराचंद सोनी 49 साल ने रिपोर्ट लिखाई। वे जवाली नाला खाटू श्याम मंदिर के पास शुभकामना ज्वेलर्स की दुकान चलाते हैं। 2 दिसंबर 2025 को उनकी दुकान में एक ग्राहक पहुंचा, उसने अपना नाम उत्तम सिंह पिता विजय सिंह सेक्टर 33 रामपुर आराभोजपुर बिहार का रहने वाला बताया। उसने 22 कैरेट के सोने के ब्रेसलेट के बदले सोने की चेन और अंगूठी की मांग की। उन्होंने आधार कार्ड पेनकार्ड व ब्रेसलेट की रसीद देखकर सोने की चेन व अंगूठी बचत रकम 3 हजार 968 रुपए दे दिया। दो माह बाद उन्होंने उक्त ब्रेसलेट का गलाने के लिए दिया तो ब्रेसलेट निकली निकला। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर उत्तम सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

**रतनपुर, कोटा में हुई वारदात**

## दो सूने मकानों से जेवर नकद ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** जिले में चोर गिरोह सक्रिय होकर आतंक मचा रहे हैं। एक बार फिर चोरों ने दो मकानों में धावा बोलकर सोने चांदी के जेवर व नकद रकम चोरी कर लिया है।

रतनपुर पुलिस के अनुसार, ग्राम पोंड़ी मोहदा निवासी दिनेश्वर यादव पिता स्व. परसराम यादव का परिवार 24 मार्च की रात भोजन करने के बाद सो गए। रात 3 बजे उनकी पत्नी कमलेशी यादव बाथरूम के लिए उठी तो जिस कमरे में सामान रखा हुआ था, वहां दरवाजा व आलमारी खुली थी और सामान बिखरे पड़े थे। आलमारी में रखी 4 जोड़ी पायल, 3 जोड़ी बाजूबंद, 2 करधन, 1 सिंदूर डिब्बा, चांदी की चम्मच, कटोरी, एक जोड़ी हाथ पोंछ, सोने का मंगलसूत्र, मनचोली, 2 अंगूठी, 2 जोड़ी झुमका, 3 फुल्ली, 2500 रुपए नकद रकम सहित 2.50 लाख का सामान चोरी हो गया था। दूसरी घटना में कोटा पुलिस के अनुसार, ग्राम लमकेना निवासी रामकुमारी बंजारे पति स्व. भीखम बंजारे स्वाथ्य मितानिन हैं। 23 मार्च को उनके दोनों बेटा बहू नाती सभी लोग शादी में शामिल होने लालपुर बोईरपारा चले गए थे। 24 मार्च को दोपहर 1.30 बजे वे किचन में ताला लगाकर पीछे खेत में गेंहू की रखवाली करने चली गईं। दोपहर 3 बजे वे घर आईं तो किचन का ताला टूटा मिला। आलमारी का लाकर तोड़कर 30 हजार रुपए नकद, डेढ़ तोला सोने के 3 लाकेट, कांसे का बर्तन सहित 2 लाख का सामान चोरी कर लिया गया था। पुलिस दोनों मकानों का मुआयना कर लौट गई। पुलिस ने दोनों मामले में अज्ञात चोरो के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## घर में घुसकर महिला को चाकू से मारने की कोशिश

**बिलासपुर।** घर में घुसकर एक महिला को बदमाश युवक ने आतंक मचाते हुए गाली गलौज करते हुए चाकू से मारने की कोशिश की। उनकी बहू ने बीच बचाव की तो युवक घर के बाहर से गाली गलौज कर हंगामा मचाने लगा। पुलिस ने युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सकरी पुलिस के अनुसार, उसलापुर कांटीखार निवासी सविता तिवारी ने रिपोर्ट लिखाई। मोहल्ले का रजनीकांत तिवारी आए दिन चाकू लेकर घूमता है, जिससे मोहल्ले में डर का माहौल हो गया है, पूर्व में उसने मोहन यादव, मन्नू यादव, अर्जून यादव लोगों से भी चाकू लेकर जान से मारने की धमकी देकर विवाद किया था। 24 मार्च की रात 11 बजे में वे खाना खाकर सो रही थी। उसी समय रजनीकांत दरवाजा को धक्का देकर जबरल अंदर घुसकर उनके साथ गाली गलौज करने लगा और जान से मारने की धमकी देकर चाकू से मारने की कोशिश की। उनकी बहू सोनम तिवारी ने बीच बचाव किया तब वह घर के बाहर से गाली गलौज करने लगा। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर रजनीकांत तिवारी के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 331, 6, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# जंगल के पेड़ काटकर बेजाकब्जा, पकड़े गए आरोपी

- दो आरोपी पकड़े गए, 10 फरार आरोपियों की तलाश शुरु

**बिलासपुर।** जंगल के हरे-भरे पेड़ों को काटकर बेजा कब्जा करने वालों के खिलाफ वन विभाग की टीम ने कार्रवाई की है। इस दौरान बेजा कब्जा करने वाले 12 आरोपियों में दो को पकड़कर रिमांड पर जेल भेजने के बाद अन्य फरार आरोपियों की तलाश शुरु कर दी गई है।

बुधवार को कोटा उप वन मंडलाधिकारी अनिल भास्करन को सूचना मिली कि कुछ लोग जंगल की भूमि पर लगे हरे-भरे पेड़ों को काटकर अतिक्रमण का प्रयास कर रहे हैं। सूचना मिलने के बाद बिलासपुर वन



मंडलाधिकारी नीरज कुमार के निर्देश और एसडीओ के मार्गदर्शन में बेलगहना परिक्षेत्र अधिकारी को कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। उच्चाधिकारियों के आदेश पर परिक्षेत्र अधिकारी बेलगहना के नेतृत्व में डिप्टी रेंजर शिवकुमार पैकरा, स्टाफ पंकज साहू, संतकुमार वाकरे, सोमप्रकाश, जय सिंधु, सावन यादव, शैलेन्द्र पोर्ते और अन्य ने मौके पर पहुंचकर देखा कि भेलवातिकारी कक्ष क्रमांक 2252 और 2472 में अवैध पेड़ों की कटाई और छंटाई करते हुए अतिक्रमण किया जा रहा है। टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर ली। इस दौरान वहां 12 अतिक्रमणकारी थे, जिसमें से विभागीय टीम ने दो आरोपियों कोनचरा निवासी तीजराम एवं मनइया पाव को पकड़कर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। वहीं अन्य मौके से फरार हो गए। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें 13 दिन के न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। वहीं फरार आरोपियों की खोजबीन करने के बाद गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# पर्सनल यूजर आईडी से रेल टिकिट बनाते पकड़ा गया दुकानदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आरपीएफ की टीम ने मुखबिर की सूचना पर चांटापारा तिलक नगर स्थित एक दुकान में छापामार कार्रवाई करते हुए पर्सनल यूजर आईडी से रेल टिकिट बनाकर यात्रियों को बेचने वाले दुकानदार को पकड़कर रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

रेलवे बोर्ड के आदेश पर रेलवे सुरक्षा बल की टिकिट दलालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। टिकिट दलाली को रोकने के लिए रेलवे प्रतिदिन कोई न कोई नया नियम बनाती है, जिसके तहत आरपीएफ सूचना मिलने के बाद टिकिट दलालों के पास से लाखों की टिकिट लेने के बाद उनके खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई भी करती है, लेकिन दलाली की प्रथा थमने का नाम नहीं ले रही है। आईआरसीटीसी से लायसेंस मिलने के बाद भी कई लोग अपना पर्सनल यूजर आईडी बनाकर यात्रियों को तत्काल, प्रीमियम तत्काल और नार्मल आरक्षण टिकिट की बिक्री कर धड़ल्ले से कमाई कर रहे हैं। इसी तरह की सूचना बिलासपुर आरपीएफ की टीम को मिली। सूचना पर आरपीएफ के निरीक्षक नंद बहादुर के नेतृत्व में उपनिरीक्षक एसबी सिंह व अन्य स्टाफ सिविल लाइन पुलिस को जानकारी देकर तिलक नगर चाटापारा स्थित फ्रेंड्स कापियर्स आनलाइन की दुकान पहुंचे, जहां मुंगेली नाका चौक विकास नगर निवासी रविशंकर निर्मलकर पिता राजकुमार निर्मलकर 35 साल आईआरसीटीसी के बिना लायसेंस के अपने पर्सनल यूजर आईडी के जरिए टिकिट बनाकर यात्रियों को बेचकर अतिरिक्त कमाई करता था। टिकिट के भुगतान के लिए वह इंडसइंड बैंक अकाउंट, एक्सिस व कोटक महिंद्रा बैंक के क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर रहा था। आरोपी के पास से 15 नग पास्ट जर्नी टिकिट व अन्य सामान जब्त कर रेलवे अधिनियम 143 के तहत कार्रवाई की गई है।



